


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 268 | ग्वालियर, सोमवार, 17 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### बाबा जी के चमत्कारी घरेलू नुस्खे हैं अनुष्का शर्मा की खूबसूरती का राज़




**नई दिल्ली।** अगर आप ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं तो एक बार बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को देख लें. साल 2008 में शाहरुख खान के साथ फिल्म रब ने बना दी जोड़ी के साथ बॉलीवुड में कदम रखने वाली ये हसीना अब तक 15 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं. हर फिल्म में वो पहले से ज्यादा ग्लैमर्स नज़र आती हैं. अब आप कहेंगे कि बॉलीवुड हीरोइन है. अपनी स्किन पर लाखों रुपये खर्च करती होगी. लेकिन ऐसा नहीं है। अनुष्का शर्मा परम पूज्य प्रेमानंद महाराज जी की भक्त हैं. शादी के बाद वो अपने पति विराट कोहली और बेटी वामिका के साथ गुरुजी का आशीर्वाद लेने भी यहां गयी थी जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी. तो अब ये सवाल उठता है कि क्या अनुष्का शर्मा के चेहरे का ये तेज गुरु जी के बताए टिप्स हैं. अगर जवाब हां है तो आपको हम बताते हैं प्रेमानंद महाराज जी का वो घरेलू नुस्खा जिससे आपके चेहरे पर भी ग्लो आ जाएगा। अगर आप ये सोच रहे हैं कि ग्लोइंग स्किन के लिए संत किसी फेसपैक का फॉर्मूला बता रहे हैं तो ऐसा नहीं है. उनकी कही हर बात का उनका लाखों भक्त अनुसरण करते हैं. उन्होने कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताया है जिससे आपके चेहरे का ग्लो ना सिर्फ बढ़ेगा बल्कि बरकरार भी। संत प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि दिन में 45 मिनट व्यायाम करना चाहिए अगर आपको कसरत करने की आदत नहीं है तो आप सिर्फ 5 मिनट से शुरुआत करें. जो लोग सुबह 4 बजे उठकर फ्रेश होने के बाद व्यायाम करते हैं और फिर नहाकर पूजा करके सुबह का नाश्वता करते हैं ऐसे लोगों के चेहरे पर गजब का तेज देखने को मिलता है.

### उत्तराखंड के चार जिलों में भारी बारिश की संभावना



**देहरादून।** उत्तराखंड के चार जिलों में रविवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने देहरादून, टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार जिले के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि अन्य जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को देहरादून, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 18 जुलाई को प्रदेशभर में ऑरेंज अलर्ट है। जबकि 19 जुलाई के लिए सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 16 और 17 जुलाई को जिले में भी भारी बारिश और गर्जन के साथ बिजली चमकने की संभावनाओं को देखते हुए रेड अलर्ट घोषित किया है। इस चेतावनी को देखते हुए जिले में विशेष सावधानियां बरतने के लिए आपदा प्रबंधन की आईआरएस प्रणाली के नामित अधिकारी और विभागीय नोडल अधिकारी को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

### महादेव नहर में नहाने उतरे 4 युवकों में से एक बहा



**काशीपुर।** काशीपुर तथा आसपास के क्षेत्र में बीते रोज बाजपुर रोड स्थित महादेव नहर के तेज बहाव में नहाने उतरे हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र के 4 युवकों में से एक तेज बहाव में बह गया। सारी रात एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय पुलिस और स्थानीय लोगों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चला। उसे ढूंढने के प्रयास रातभर जारी रहे। पहाड़ों के जंगलों में भारी बारिश के बाद पानी का तेज बहाव काशीपुर की बहल्ला नदी की तरफ आने से जहां बाजपुर रोड के गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे तेज बारिश के चलते खेत खलियान और नदी नाले उफान पर थे, जिसका निरीक्षण प्रशासनिक अमले ने क्षेत्र भर में किया। देर शाम महादेव नहर में हल्द्वानी से सैर सपाटा करने आए दो युवक नहाते हुए डूब गए। वहां खड़े लोगों ने एक व्यक्ति को बचा लिया, जबकि हल्द्वानी निवासी कमल नामक युवक डूब गया और तेज बहाव चलते दूर निकल गया। इसकी सूचना पाते ही एसडीएम अभय प्रताप सिंह तहसीलदार युसूफ अली और आईटीआई थाना इंचार्ज कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह के साथ साथ सीओ वंदना वर्मा पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन बहाव इतना तेज था कि 20 वर्षीय कामिल का कहीं कोई पता नहीं चला।

## मणिपुर में किसानों की मदद कर रहे केंद्रीय बल

**नई दिल्ली।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में केंद्रीय बलों और विशेष रूप से असम राइफल्स की तैनाती पर बढ़ते विवाद के बीच, सुरक्षाकर्मी और अधिकारी स्थानीय किसानों की मदद के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। असम राइफल्स के एक सूत्र ने कहा कि हम अपनी उपस्थिति और एरिया डोमिनेशन के माध्यम से सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। दशकों तक, बल को पहाड़ी लोगों का मित्र भी कहा जाता था, लेकिन समय-समय पर उन्हें आलोचना का भी सामना करना पड़ा या सामाजिक-राजनीतिक संगठनों की जांच के दायरे में आना पड़ा। लेकिन हाल ही में, मणिपुर में हिंसा प्रभावित बस्तियों में जहां सिंचाई और जल आपूर्ति परियोजनाओं को उपद्रवियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, वहां असम राइफल्स के अधिकारियों और कर्मियों ने जल आपूर्ति बहाल करने में किसानों की मदद की है। ऐसा ही एक मामला लोइबोल खुनौ गांव से सामने आया है। यहां पर गांव को जलाने के साथ-साथ उपद्रवियों ने कथित



तौर पर प्रोजेक्ट को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि लीमरम नाम के एक अन्य गांव में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई थी, लेकिन अब चीजें बहाल हो गई हैं और ग्रामीणों को पीने का पानी मिल रहा है तथा कुछ किसान खेती करने में अब सक्षम हैं। जांगलेंफाई गांव में भी जलधारा पर सिंचाई चैनल का काम नागरिकों और असम राइफल्स द्वारा किया गया था। सूत्र ने कहा, इससे बाद में कामोंग गांव में धान के खेतों की सिंचाई में भी मदद मिली। खेती-किसानी से जुड़े मामलों पर तमाम कमियों के बावजूद एन बीरेन सिंह सरकार भी किसानों की मदद करने की पूरी कोशिश कर रही है। राज्य सरकार ने मंत्रियों और विधायकों सहित वीआईपी लोगों के एस्कॉर्ट और सुरक्षा कवर के लिए बलों की तैनाती में कटौती की घोषणा की है। राज्य सरकार ने किसानों की सुरक्षा के लिए कम से कम 2000 राज्य बल के जवानों को भी तैनात किया है।

## सियासी मनमुटाव के बीच शरद और अजित पवार की मुलाकात



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजनीति में आज उस वक्त मेल मिलाप वाली तस्वीर दिखी जिस देख हर कोई हैरान हो गया. अपने ही चाचा की सियासी जमीन खिंसकाने वाले अजित पवार अपने 8 मंत्रियों के साथ शरद पवार से मिलने पहुंचे. बागी गुट ने शरद पवार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और मार्गदर्शन करने का आग्रह किया है. रविवार को मुंबई के ड्ढक्कचौहान सेंटर में अजित पवार गुट के मंत्री और एमएलए शरद पवार से मिलने पहुंचे. शरद पवार से मुलाकात के बाद एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि आज हम सब लोग शरद पवार का आशीर्वाद लेने के लिए यहां आए थे. वाईबी सेंटर में पवार साहब के पैर पकड़कर आशीर्वाद लिया है. हमें यहां उनके उपस्थित होने के बारे में जानकारी मिली थी. हम लोग अजित के घर बैठे थे. ऐसे में बिना सूचित किए हम सब लोग वाईबी सेंटर पहुंच गए. पवार साहब से एकजुट करने के लिए मार्गदर्शन मांगा है. हालांकि, अभी उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सबकुछ सामान्य हो जाएगा. बता दें कि 2 जुलाई को महाराष्ट्र की राजनीति उस वक्त बदल गई थी जब अजित पवार अपने आठ विधायकों के साथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे. अजित डिप्टी सीएम बने थे. शिंदे सरकार में अजित पवार को वित्त मंत्री बनाया गया है. वहीं, छग्न भुजबुल समेत अन्य मंत्रियों को भी अलग-अलग मंत्रालय सौंपे गए हैं. अजित पवार दो दिन पहले ही शरद पवार की पत्नी और अपनी चाची से मिलने उनके घर पहुंचे थे. इस दौरान उनकी मुलाकात चाचा शरद पवार और छोटी बहन सुप्रिया सुले से भी हुई थी. अजित ने कहा था कि वे अपनी चाची (प्रतिभा पवार) से मिलने और उनका स्वास्थ्य जानने के लिए गए थे. अजित को अपनी चाची प्रतिभा का करीबी माना जाता है.

## अध्यादेश पर कांग्रेस का साथ मिलने के बाद केजरीवाल का फैसला

**नई दिल्ली।** 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में आम आदमी पार्टी भी शामिल होगी. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बैठक में इस बात पर मुहर लगी कि कल होने वाली बैठक में आम आदमी पार्टी भी हिस्सा लेगी. बता दें कि आप बैठक से पहले कांग्रेस ने अध्यादेश के मामले पर केजरीवाल का समर्थन किया है. दिल्ली अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी विपक्षी दलों से समर्थन की मांग कर रही थी. इसी कड़ी में केजरीवाल ने कांग्रेस से भी अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस से समर्थन की अपील की थी. कांग्रेस ने अध्यादेश के खिलाफ आप के साथ आने का भरोसा दिया है. इसके बाद अब केजरीवाल विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होंगे.



आम आदमी पार्टी की पीएसी की बैठक खत्म होने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्षी दलों की होने वाली बैठक में शामिल होने जा रहे हैं. सांसद चड्ढा ने कहा कि हमने सभी विपक्षी दलों से समर्थन मांगा था. कांग्रेस ने भी अध्यादेश के खिलाफ आप को समर्थन करने का ऐलान किया है. हाल ही में पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस से अध्यादेश के मुद्दे पर समर्थन की मांग की थी. साथ ही केजरीवाल ने साफ कर दिया था कि कांग्रेस इस मुद्दे पर उसका साथ नहीं देती तो वह विपक्षी दलों की होने वाली अगली बैठक में हिस्सा नहीं लेगी. केजरीवाल की अपील पर शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से समर्थन करने का आग्रह किया था. उस वक्त तो कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट नहीं किया था, लेकिन अब कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह केजरीवाल के साथ है. कांग्रेस से समर्थन मिलने के बाद आप ने बेंगलुरु में होने वाली बैठक में हिस्सा लेने का फैसला किया है.

## केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस आप के साथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग ( सेवाओं पर नियंत्रण ) को लेकर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी पार्टियों के एकजुट करने में जुटी आम आदमी पार्टी को अब कांग्रेस का समर्थन मिल गया है. कांग्रेस ने घोषणा की है कि वो केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ इस लड़ाई में आप के साथ है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने साफ तौर पर केन्द्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने की बात कही है. कांग्रेस का



यह बयान ऐसे समय आया है, जब कल बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक होने जा रही है. कांग्रेस ने अपील की है कि अरविंद केजरीवाल को इस बैठक में शामिल होना चाहिए. कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल के बयान के बाद आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में केंद्र के अध्यादेश का स्पष्ट विरोध करने की घोषणा की है. आपको बता दें कि पिछले दिनों पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक में दिल्ली अध्यादेश पर कांग्रेस का समर्थन न मिलने पर सीएम अरविंद केजरीवाल विपक्षी दलों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पटना से दिल्ली लौट गए थे. इस दौरान सीएम केजरीवाल ने साफ कहा था कि अगर कांग्रेस दिल्ली अध्यादेश पर आम आदमी पार्टी का साथ नहीं देती तो वो विपक्षी दलों की बैठक में शामिल नहीं होंगे. आपको बता दें कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र की ओर से लाए अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों का समर्थन मांग रहे थे. इसके लिए केजरीवाल खुद विपक्षी नेताओं से मिलकर राज्यसभा में केंद्र के अध्यादेश का विरोध में समर्थन मांग रहे थे. सीएम केजरीवाल का कहना है कि अगर केंद्र के संघीय ढ़ांचे पर चोट करने वाले इस अध्यादेश को कानून बनने से नहीं रोका गया तो दूसरे राज्यों में यह दोहराया जा सकता है, जिससे जनता द्वारा सरकार का कुछ मतलब ही नहीं रह जाएगा.

### चीन में दो वर्षों से सुचारु रूप से चल रहा है कार्बन बाज़ार

**बीजिंग।** चीन में 16 जुलाई 2021 को कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाज़ार आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया था। यह कार्बन शिखर और कार्बन तटस्थता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चीन द्वारा उठाया गया एक बड़ा कदम है। इस कदम के कार्यान्वयन के बाद पिछले दो सालों में चीन में कार्बन बाज़ार सुचारु रूप से चल रहा है और चरणबद्ध परिणाम प्राप्त हुए हैं। जलवायु परिवर्तन से निपटने में चीन के व्यावहारिक कार्यों की अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा भी व्यापक प्रशंसा की गई है। उत्सर्जन भत्ते का संचयी लेनदेन 13 जुलाई तक लगभग 24 करोड़ टन है, और संचयी लेनदेन मूल्य लगभग 11 अरब युआन तक पहुंच गया है। कार्बन उत्सर्जन में कमी के बारे में उद्यमों की जागरूकता में काफी सुधार हुआ है, और ऊर्जा-बचत और कार्बन-कटौती परिवर्तन के लिए उनका उत्साह काफी बढ़ गया है। हाल के वर्षों में, चीन ने जलवायु परिवर्तन पर सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया देने के लिए राष्ट्रीय रणनीति लागू की है।

## बंगाल पंचायत चुनाव हिंसाः रविवार को दो और लोगों की मौत



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव संबंधी हिंसा के सिलसिले में दो और लोगों की मौत की सूचना मिली है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के हरिपारापारा इलाके के माकपा कार्यकर्ता रिंटू शेख, जिन्हें मतदान के दिन (8 जुलाई) को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर बुरी तरह पीटा गया था, की रविवार दोपहर यहां एक अस्पताल में मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें उसी दिन कोलकाता स्थित सरकारी एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि उनकी हालत बेहद गंभीर होने के बावजूद उन्हें आईसीयू बिस्तर नहीं दिया गया और सामान्य वार्ड में उनका इलाज किया गया। रविवार दोपहर करीब दो बजे उनका निधन हो गया।

उनके परिवार के सदस्यों और मुर्शिदाबाद जिला पार्टी नेतृत्व ने संकेत दिया है कि वे कानूनी कदम उठाएंगे और मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग करेंगे। इसके अलावा रविवार दोपहर को मालदा जिले के बामनगोला इलाके में एक भाजपा कार्यकर्ता बुरान मुर्मू का लटका हुआ शव मिला। उनके शरीर पर कई चोटें थीं। जिला भाजपा नेतृत्व ने आरोप लगाया है कि पहले उनकी हत्या की गई और फिर इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए लटका दिया गया। मालदा (उत्तर) निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के लोकसभा सदस्य खगेन मुर्मू ने आरोप लगाया है कि बुरान की हत्या उनके ही बेटे ने की है, जो स्थानीय तृणमूल कांग्रेस से है। पिता का शव मिलने के बाद से वह फरार है।

## सांसद साहनी ने बाढ़ प्रभावित पंजाब के गांवों को राहत प्रदान की



**चंडीगढ़।** सांसद और सन फाउंडेशन के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह साहनी ने रविवार को पंजाब के पटियाला के दूधन सधन और पत्रन इलाकों में ग्रामीणों के बीच राहत सामग्री वितरित की। लोगों को लगातार बारिश से बचाव में मदद के लिए 500 से अधिक तिरपाल वितरित किए गए। उनके दफ्तर के द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सेप्टिक एलर्जी और अन्य जल-जनित बीमारियों को रोकने के लिए लोगों को डेटॉल और बीटाडीन जैसी दवाएं वितरित की गई हैं। जल जमाव के साथ मच्छरों का प्रजनन एक खतरा बन गया है और स्वास्थ्य प्रभावों को रोकने के लिए ग्रामीणों को आवश्यक दवाएं, मरहम और अन्य सामग्री प्रदान की गई। रिपोर्ट के अनुसार, साहनी ने मवेशियों और अन्य पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध कराया जो बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित हैं। सन फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने पटियाला की उपायुक्त साक्षी साहनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम के साथ राहत सामग्री के वितरण के लिए सबसे अधिक प्रभावित दूरदराज के गांवों के अंदरूनी हिस्सों का दौरा किया। साहनी विस्थापित लोगों तक पहुंचने के लिए एक सप्ताह से अधिक समय से सक्रिय हैं। उन्होंने कहा है कि सन फाउंडेशन पंजाब को इस प्राकृतिक आपदा से बाहर निकालने और सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद करने के लिए निरंतर समर्थन सुनिश्चित करता है।

## सीमा हैदर के भारत आने से पाकिस्तान बेचैन, मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला

**नई दिल्ली।** सीमा हैदर के भारत में शरण लेने से सरहद पार बौखलाहट देखी जा रही है. जब से सीमा हैदर को लोकप्रियता मिली तब से पाकिस्तान में हिंदुओं को मारने की धमकी और मंदिर पर हमले के मामले बढ़ गए हैं. एक हमला सिंध के कंधकोट में हुआ है. मंदिर पर डाकुओं ने रॉकेट लॉन्चर से हमला कर दिया. हमले में कई आधुनिक हथियारों का उपयोग किया गया. सीमा हैदर पाकिस्तान की रहने वाली है, वह भारतीय शख्स सचिन मीणा के साथ यूपी के ग्रेटर नोएडा में रही है. गौरतलब है कि सचिन और सीमा के बीच ऑनलाइन गेम पबजी को खेलने के दौरान प्यार पनपा. भारत की सीमा में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में सीमा को गिरफ्तार किया गया था. हालांकि बाद में उसे जमानत दे दी गई थी. इससे कुछ दिन पहले पाकिस्तान के एक डाकू ने धमकी दी थी कि अगर सीमा और उसके बच्चे वापस नहीं आते हैं तो दो दिन के अंदर



मंदिरों पर हमला करेंगे. यहां के हिंदुओं को मारा जाएगा. उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सीमा पर हमले को लेकर आगाह किया है. उन्होंने कहा कि सचिन के साथ रहकर इस्लाम से हिंदू धर्म को सीमा ने कबूल किया है. पुलिस अधिकारी का कहना है कि भीड़ में कोई मीडिया कर्मी का भेष बनाकर सीमा पर जानलेवा हमला कर सकता है. इससे पहले सीमा हैदर को लेकर मुंबई पुलिस को भी धमकी मिल चुकी है. इस धमकी में कहा गया है कि अगर भारत सरकार सीमा हैदर को वापस भेजने में असफल होती है तो 26/11 जैसा आतंकी हमला किया जाएगा. मुंबई पुलिस को इस तरह की धमकी उर्दू में दी गई है. इसमें लिखा है कि अगर सीमा हैदर पाकिस्तान नहीं लौटी तो भारत को नष्ट कर दिया जाएगा. 26/11 जैसे हमले के लिए भारत को तैयार रहना चाहिए. इसके लिए यूपी सरकार भी जिम्मेदार होगी.

# संसदीय क्षेत्र में रेलवे का अत्याधुनिक विकास होगाः सांसद डॉ.के.पी.यादव

## भोपाल मण्डल परिक्षेत्र के सांसद गणों के साथ पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक की बैठक सम्पन्न

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल परिक्षेत्र के सांसदगणों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन गत दिवस होटल ताज लेक फ्रंट, भोपाल में किया गया। बैठक में पमरे के महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता नें बैठक में उपस्थित सभी सांसदगणों, प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक भोपाल सहित सभी गणमान्यजन का पश्चिम मध्य रेलवे की ओर से हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। सांसद गुना डॉ कृष्णपाल सिंह यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र के रेल विकास व यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न सुझाव/मांगे रखीं- कोरोना काल से पूर्व में चल रही गाड़ियों को पुनः प्रारंभ करने व शाडोरागांव में रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का निर्माण करने, भोपाल से गुना एवं गुना से ग्वालियर के मध्य मेमू ट्रेन का परिचालन शीघ्र प्रारंभ हो कोरोना काल से पूर्व चल रही गुना बीना गुना पैसेंजर को पुनः प्रारंभ किया जाए। सांसद डॉ केपी यादव में बताया कि गुना से आरोन सिरोंज गंज बासौदा विदिशा के लिए नई रेलवे लाइन का सर्वे पूर्ण हो चुका है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भोपाल मंडल के कुल 17 स्टेशनों का चयन किया गया है। इनमें संसदीय क्षेत्र के तीनों प्रमुख स्टेशन अशोक नगर,गुना व शिवपुरी सम्मिलित है इन स्टेशनों पर विकास कार्य किये जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत गुना स्टेशन पर दो स्वचालित सीढ़ियां शिवपुरी स्टेशन पर दो लिफ्ट एवं अशोकनगर स्टेशन पर एक लिफ्ट लगाई जाएगी इस योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण एवं विकास के तहत स्टेशन भवन का पुनर्निर्माण/सुधार/वृद्धि कार्य, स्टेशन बिल्डिंग तथा स्टेशन के परिभ्रमण क्षेत्र का सौंदर्यीकरण एवं विकास,पहुंच मार्ग में सुधार, स्टेशन के आंतरिक साज-सज्जा में स्थानीय कला और संस्कृति के तत्वों को शामिल किया जाएगा, 12 मीटर चौड़े फुट ओव्हर ब्रिज के रूप में रूफ प्लाजा/कॉनकोर्स प्रदान किया जाएगा। इसी तरह यात्री सुविधाओं में वृद्धि करते हुए प्लेटफार्म कवर शेड,बैठने की उन्नत व्यवस्था, वेटिंग एरिया का विकास, स्टैंडर्ड संकेतक आदि, प्रतीक्षालय और टिकटिंग व्यवस्था, शौचालय आदि,गाइडेंस एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन सूचना प्रणाली का प्रावधान, स्टेशन का विकास एवं निर्माण दिव्यांग जनों के अनुकूल किया जाएगा। अधोसंरचना के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेलवे ने दोहरीकरण, तिहरीकरण के साथ-साथ नई लाइन के निर्माण में भी काफी प्रगति की है। बीना-गुना रेलखण्ड के कुल 119.98 किलोमीटर दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। शाढोरा गांव समपार फाटक-47 पर तथा 17- मुंगावली-गुन्हेरु बमोरी रोड पर नए रोड ओवरब्रिज स्वीकृत किए गए हैं। बैठक के प्रारम्भ में पश्चिम मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सामान्य),अनुराग पाण्डेय नें सांसद गणों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए बैठक का संचालन किया। महाप्रबन्धक सुधीर कुमार गुप्ता नें जीवंत पौधा व शॉल, श्रीफल देकर सभी सांसदों का स्वागत किया। बैठक के अंत में उप महाप्रबंधक (सामान्य) ने सांसदगणों का आभार ज्ञापित किया। बैठक में पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल परिक्षेत्र के गुना सांसद डॉ केपी यादव,नर्मदापुरम सांसद उदय प्रताप सिंह,राजगढ़ सांसद रोडमल नागर,भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर,विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव,सागर सांसद राज बहादुर सिंह,बैतूल सांसद दुर्गादास उइके, ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर तथा देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे।





# अवैध रेत से भरे डम्फर को चालक सहित लिया पुलिस हिरासत में

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिह एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण सिंह भूरिया के मार्गदर्शन एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री अजय भार्गव के निर्देशन में अवैध रेत का बिक्रय करने बाले पर कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया था। आज दिनांक 16.07.2023 को खांदी रोङ ग्राम भवेङ पोहरी रोङ थाना सुभाषपुरा क्षेत्र मे दौराने इलाका भ्रमण एक डम्फर दस चक्का क्र क्क75-0767 सफेद एवं हरा रंग को मय चालक रोका गया चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बीरेन्द्र पुत्र राकेश परिहार उम्र 25 साल निवासी नयागांव थाना पनिहार जिला ग्वालियर म.प्र.का होना बताया चालक बीरेन्द्र परिहार से डम्फर में भरी रेत के संबंध में रायल्टी मांगी तो चालक बीरेन्द्र परिहार द्वारा रेत के संबंध में कोई वैध कागज एवं रायल्टी पेश नहीं किये न ही डम्फर के कोई कागजात पेश किये उससे स्पष्ट है कि उपरोक्त रेत डम्फर चालक द्वारा चोरी से अवैध रूप से रेत भरकर लाई गई है जिससे शासन को छति पहुँची है। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 379 भादवि, 4(ए),21(1) खान और खनिज (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 1957 के एवं धारा 130/177(3)एम व्ही एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से थाना हाजा पर अप क्र 97/23 धारा धारा 379 भादवि, 4(ए),21(1) खान और खनिज (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 1957 के एवं धारा 130/177(3)एम व्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, सउनि आर के सगर,कावा प्रआर 456 हरी सिंह, आर 619 पवन कुमार, आर 274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर 463 संजय जाट, आर 104 रवि कुशवाह,आर 440 राधाकृष्ण धाकङ, आर चालक 27 सोनू गुर्जर की अहम भूमिका रही ।

# पिछोर पुलिस की अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही

## पुलिस थाना पिछोर द्वारा अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कार्यवाही की है

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश सिह के द्वारा जिले मे अवैध रेत, अवैध खनन परिवहन एवं रेत माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया जी के निर्देशन में एवं स्ङ्घह्रक्क पिछोर श्री प्रशांत कुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे आज दिनांक 16.07.2023 को थाना पिछोर द्वारा कार्यवाही करते हुये अवैध रेत परिवहन करते हुये एक ट्रेक्टर को जप्त कर कार्यवाही की है ।



पुलिस थाना पिछोर की टीम ने एक ट्रैक्टर बिना नंबर का महिंद्रा रेत का अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया । पिछोर थाने के एसआई बी एल दौहरे को मुखबिर से सूचना मिली कि गरैठा पुलिया के पास एक ट्रैक्टर महेन्द्रा लाल रंग का बिना नम्बर का जिसकी ट्राली में (रेत) बजरी भरी है व बिना रायल्टी के परिवहन करके ले जा रहा है । पुलिस थाना पिछोर की टीम ने बसई रोड़ पर चैकिंग लगाई तो पुलिस को देख कर ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को तेजी से चलाने लगा जब उसका पीछा किया तो चालक बीच रास्ते में उसे छोड़कर भाग गया। ट्रैक्टर को जप्त किया गया व जप्त शुदा टेक्टर अवैध रूप से बजरी परिवहन करते पाया जाने से प्रकरण बनाकर खनिज विभाग शिवपुरी को भेजा। पुलिस थाना पिछोर की टीम में आरक्षक प्रदीप कौरव, देशराज गुर्जर शामिल रहे ।

# सांसद डॉ.के.पी.यादव ने विभागीय कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## जिला विकास एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- संसदीय क्षेत्र शिवपुरी-गुना क्षेत्रीय सांसद डॉ.के.पी.यादव ने गत दिवस जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और विकास कार्य की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम, कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीएम शिवपुरी रवि गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। सांसद डॉ.के.पी.यादव ने सभी विभागों की समस्याओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान कार्ड वितरण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और शेष रहे लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसे पात्र हितग्राही जो अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हैं उन्हें इस योजना में शामिल कर लाभान्वित किया जाए। उन्होंने नगर पालिका परिषद शिवपुरी में अव्यवस्थाएं होने पर नाराजगी व्यक्त की और व्यवस्थाओं को ठीक करने के नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत शेष रही पात्र महिलाओं के पुनः आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है उसमें अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया जाए। कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कोलारस में चल रहे विद्युत सबस्टेशन के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता से संबंधित किए जा रहे कार्यो की भी समीक्षा की।

# भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति की प्रथम बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सम्पन्न

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



गरियाबंद । भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र समिति की प्रथम बैठक रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई जिसमें 14 अलग अलग विषयों पर उप समिति बनाई गई। 5 संभागीय टीम गठित की गई है। दो उप समितियों में राजिम से संदीप शर्मा को शामिल किया गया। पुर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू कृषक,कृषक कल्याण, जलशक्ति एवं सहकारिता समिति के अध्यक्ष होंगे संदीप शर्मा सदस्य होंगे। पंकज झा की अध्यक्षता में गठित उप समिति में भी संदीप शर्मा सदस्य होंगे। संभागीय समिति के सदस्य विधानसभा स्तर तक सुझाव लेने प्रवास करेंगे। विभिन स्थानों पर सुझाव पेटी भी रखे जाएंगे।जिसमे आम जन सुझाव लिख कर दे सकते हैं।

# देवभोग जांच शिविर में आंखों की जांच कराने पहूंचे 147 में से 16 मरीज मोतियाबिंद के मिले बीएमओ बोले सभी का होगा निःशुल्क उपचार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**मोतियाबिंद।** मुक्त करने स्वास्थ्य विभाग अभियान चला रही है,जिसके तहत विगत दिनों सिनापाली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाया गया। बी एम ओ डॉक्टर सुनील रेड्डी के नेतृत्व में लगाए इस शिविर का व्यापक प्रचार कराया गया था जिसके चलते शिविर में 274 लोग स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पहुंचे थे। नेत्र सहायक एस एन पात्र के साथ उनकी टीम ने 147 लोगो का नेत्र परीक्षण किया।जिसमे 16 लोगो में मोतियाबिंद के लक्षण नजर आए।इसके पूर्व गिरशूल में भी शिविर लगाया गया था जिसमे 102 लोगो की जांच कर 18 मोतियाबिंद मरीजों की पहचान किया गया।बीएमओ रेड्डी ने बताया की सभी मरीजों को चरण बद्ध तरीके से उपचार शुरू कर दिया गया है।आवश्यकता अनुसार इलाज जारी है।अब तक 9 लोगो का ऑपरेशन किया जा चुका है।प्राथमिकता के आधार पर चिन्हकित सभी मरीजों का निशुल्क उपचार किया जाएगा।लगातार नेत्र सहायक की टीम सभी मरीजों का फॉलोअप लेकर ऊपर तक रिपोर्ट भेजी जा रही है।यह शिविर लगातार लगाया जाएगा।रेड्डी ने अपील किया है की जिन्हे मोतियाबिंद के लक्षण दिख रहे है वे शिविर के अलावा देवभोग अस्पताल में आकर भी अपना परीक्षण करवा सकते हैं।शिविर को सफल बनाने में सेक्टर सुपरवाइजर गोपाल सूर्यवंशी,सीएचओ केतकी देशमुख, प्रियंका सिन्हा ,आर सी वर्मा,के अलवा हाट बाजार क्लीनिक के डॉक्टर राम व उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

# थाना करैरा पुलिस द्वारा चोरी की चार मोटरसाईकिल कीमत करीवन 2 लाख रूपये की बरामद दो चोरों को किया गिरफ्तार




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**करैरा>** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिह द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,चोरी, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये, उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया के निर्देशन में एवं स्ङ्घह्रक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत हो रही मोटरसाईकिल चोरी के संबंध मे मुखबिर मामूर किये गये तथा आज मुखबिर की सूचना पर से आरोपी कृष्णप्रताप जाटव पुत्र जानकी प्रसाद जाटव उम्र 23 बर्ष नि. कारोठा व रोशन पुत्र श्रीराम जाटव उम्र 25 बर्ष नि. कारोठा को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियों के कब्जे से थाना करैरा क्षेत्र से चोरी गयी मोटरसाईकिल हीरो होंडा सीडी डाउन नं. MP33B3311 एवं हीरो स्पेलेन्डर मो.सा. MP33MT8521, एक हीरो स्पेलेन्डर सीडी डाउन एवं एक हीरो स्पेलेन्डर मो.सा. को बरामद किया गया । आरोपियों से चोरी के संबंध मे पूछताछ की तो बरामद शुदा मो.सा. मे आरोपियों द्वारा तीन मो.सा. थाना करैरा क्षेत्र की चोरी करना कुबूल किया तथा एक मो.सा. अमोला क्षेत्र से चोरी कराना कुबूल किया है। आरोपियों से अन्य चोरी की मो.सा. के संबंध मे पूछताछ की जा रही है।

**आरोपियों के आपराधिक रिकोर्ड निम्न हैः-**

**इनकी रही भूमिका-** थाना प्रभारी करैरा निरी. श्री सुरेश शर्मा, उनि केपी शर्मा, आर 1073 अनूप, आर 670 देवेश तोमर, आर 319 चन्द्रशेखर मीना, आर 639 सोनू श्रीवास्तव, आर संजीब श्रीवास्तव।

# गरियाबंद की भाजयुमो जिला कार्यकारिणी व कामकाजी बैठक भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हुई सम्पन्न

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला गरियाबन्द की आवश्यक कामकाजी एवं एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के संबंध में और प्रदेश के आये विभिन्न कार्यक्रमों के विषय मे चर्चा हेतु जिला कार्यसमिति का आवश्यक बैठक भुतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शुक्रवार को संपन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप वरिष्ठ नेता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा,भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी रोहित माहेश्वरी जी,भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर,जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,भाजपा नेता आशीष शर्मा,भाजयुमो जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू ,प्रदेश मीडिया प्रभारी विकाश मित्तल,भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र साहू, नंदिनी नेताम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ,प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने नवीन दायित्ववान पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि अच्छे गुणवान कार्यकर्ता बनाना एक चुनौती है जब एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता बनेंगे तो बड़ी से बड़ी चट्टान भी बौना लगेगा फिर कांग्रेस सरकार की क्या बात है अपने बचपन एवं राजनीतिक जीवन को साझा करते हुए नवीन कार्यकर्ताओ को ऊर्जा से लबरेज किये कार्य के प्रति निष्ठा समर्पण सेवा भाव लगन विषय वस्तु एवं अच्छे वक्ता बनने के गुर सिखाए वही संभाग प्रभारी रोहित माहेश्वरी ने संगठन में कार्यक्रमों को संपन्न कराने की पद्धति के संबंध में मार्गदर्शन किया स्मार्ट वर्किंग तरीका से हम काम कम समय मे ज्यादा काम कर सकते है जिला प्रभारी सुरेंद्र साहू ने पदाधिकारियों कार्यकारिणी की उपस्थित लेकर शुभकामनाएं प्रदान किये जिलाध्यक्ष डा. योगीराज माखन कश्यप ने अध्यक्षयी उद्बोधन में नवीन दायित्ववान कार्यकर्ताओ को स्वागत अभिनंदन कर शुभकानाएं बधाई देते हुए पी एस सी घोटाले घेराव कार्यक्रम में गरियाबंद से 730 कार्यकर्ता शामिल होने से सभी के प्रति आभार प्रकट किया।महामंत्री दीपक साहू ने संचालन एवं थानसिंग निषाद ने आभार प्रकट किया। टिफिन चर्चा कर भूतेश्वर महादेव का आशीर्वाद लेकर बैठक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रतिक तिवारी तोरण सागर जिला मंत्री घनश्याम मरकाम तुलसी राठौर कोषाध्यक्ष मनीष साहू प्रशिक्षण प्रमुख हेमंत साहू सोमनाथ पटेल कार्यालय प्रभारी संजू साहू सोशल मीडिया प्रभारी मनोज निर्मलकर युवराज साहू सुजल कोठारी कन्या शक्ति संयोजिका लीना दुबे कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र पेनेरिया हर्ष यादव भाजयुमो मंडल अध्यक्ष दुष्यंत पात्र हरिशंकर मांझी महेश कश्यप गौतम शर्मा रवि साहू कृष्णा गुप्ता मंडल महामंत्री राजा साहू रूप सिंह मरकाम राज डे मंडल उपाध्यक्ष मनीष साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की खुशहाली का घोषणा पत्र देगी भाजपाः साव

## कांग्रेस के झूठ से जनता त्रस्त, सत्य पर आधारित होगा भाजपा का घोषणा पत्र- विजय बघेल







**संवाददाता रायपुर किरीट तिवारी**

रायपुर। आज कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा घोषणापत्र समिति की बैठक प्रदेश प्रभारी व चुनाव प्रभारी ओम माथुर,भाजपा प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह,घोषणा पत्र समिति के संयोजक विजय बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में ओम माथुर जी ने कहा की आप जनता के हृदय को छूने जैसे विषयों पर कार्य करें। कांग्रेस शासन में जनता ने जो कष्ट भोगा है, घोषणापत्र बनाते समय ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने भाजपा को गरीबों की पार्टी बनाया है, हमारा दायित्व है कि इसे हम अंतिम व्यक्ति तक ले कर जायें। हमारा घोषणा पत्र हर वर्ग के उत्थान के विषय को ध्यान में रखते हुए बनाया जाना चाहिये। पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि घोषणापत्र से प्रदेश का कोई भी वर्ग अछूता न रहे। अलग-अलग क्षेत्र के सामाजिक व भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी वर्ग के हित की योजनाओं का समावेश हो। बैठक में भाजपाध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि भाजपा छत्तीसगड़ की खुशहाली का घोषणा पत्र देगी। उन्होंने कहा कि आरंभिक रूप से हमने तय किया है कि समिति के सदस्य विधानसभा स्तर तक जाएंगे। लोगों के सुझाव लेंगे। जो छत्तीसगढ़ की क्षमता है, जो छत्तीसगढ़ की ताकत है, छत्तीसगढ़ की अपेक्षा है, जो जनआकांक्षा है, उसके अनुरूप एक अच्छा घोषणा पत्र लेकर आएंगे। ताकि हम छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ा सकें। छत्तीसगढ़ को अटल जी के सपनों के अनुरूप खुशहाल बना सकें। भाजपा घोषणा पत्र समिति के संयोजक सांसद विजय बघेल ने समिति की बैठक के परिपेक्ष्य में कहा कि राज्य की जनता कांग्रेस के झूठ से तंग आ चुकी है। भाजपा सत्य आधारित विकास मूलक घोषणा पत्र तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर जनता आशा भरी नजरों से देख रही है। हम लोग समिति बनाकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। उस के माध्यम से हम लोगों के सुझाव लेंगे। लोगों की अपेक्षाओं को देखेंगे। हर वर्ग के लोग, हर प्रकार के लोग, उनके जीवन स्तर और उनकी जरूरतें, सभी पर हमारा ध्यान केंद्रित है। साथ ही साथ चाहे वह किसान हों, मजदूर हों, युवा हों, महिलाएं हों, बुजुर्ग हो, दिव्यांग हो,पत्रकार हो,खिलाड़ी हो, विद्यार्थी हों, कर्मचारी या अधिकारी हों, बेरोजगार हों, लघुउद्यमी हों, बिल्डर हों, उद्योगपति हों, अधिवक्ता संघ, सामाजिक संगठन, आर्थिक विशेषज्ञ, बुद्धिजीवी,लोक कलाकार, छत्तीसगढ़ फिल्म जगत प्रत्येक वर्ग हम से क्या अपेक्षा करता है, इन बातों का समावेश घोषणा पत्र में करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार के कारण जो हानि हो रही है वह पैसा जनता के गाड़ी खून पसीने की कमाई है, इसे भ्रष्टाचार से मुक्त करते हुए उसका लाभ लोगों को मिले यह सुनिश्चित करेंगे । संयोजक श्री बघेल ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी का मूल मंत्र है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, उन सभी का समावेश हमारे घोषणापत्र में रहेगा। भाजपा के घोषणा पत्र में लोगों का जीवन स्तर कैसे ऊपर हो, उनकी मूलभूत जरूरत पूरी हो इस पर हमारा ध्यान केंद्रित रहेगा। भाजपा घोषणा पत्र समिति की बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, महामंत्री संगठन पवन साय जी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में सह संयोजक रामविचार नेताम, अमर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा समेत महामंत्री विजय शर्मा, ओपी चौधरी, केदार कश्यप, विधायक रंजना साहू, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, लता उसेंडी, विभा अवस्थी चंद्रशेखर साहू, प्रदेश प्रवक्ता और सदस्य संदीप शर्मा, केदार गुप्ता समेत समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ देवदास को मानद अलंकरण और वर्ल्ड रिकॉर्ड विश्व प्रसिद्ध जादूगर के हाथों से मिला



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** मैजिक एण्ड आर्ट यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में अवार्ड सेरेमनी 2023 का भव्य आयोजन हुआ । जिसमें यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर एवं विश्व विख्यात जादूगर सी पी यादव जी ने भारत देश के अनेक प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया । उसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व करने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरस्कृत सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एवं साहित्यकार डॉ मुन्ना लाल देवदास को साहित्य और कला संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया । और उनके द्वारा लिखित पुस्तक राष्ट्रीय आंदोलन और प्रभात भजन के 75 साल को मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से नवाजा गया। यह पुस्तक ग्राम कोपरा में 1942 से आज तक प्रभात भजन गाने की 81 वर्ष की परंपरा का लिखित दस्तावेज है । अब तक डॉ देवदास के 9 साहित्य 5 शोध आलेख और देश के अनेक प्रतिष्ठत साझा संकलन में गीत कविता प्रकाशित हो चुके हैं।इसी प्रकार आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से चार शिक्षाप्रद बाल कहानियों का प्रसारण और दूरदर्शन केन्द्र रायपुर से दो बार शैक्षिक नवाचार परिचर्चा का प्रसारण हुआ है। विश्व विख्यात जादूगर सी पी यादव जी ने मंच पर अनेक रोमांचकारी जादू के करतब दिखाए। उसी मंच पर डॉ देवदास ने गिनती के अंकों से सी पी यादव जी के नाम लिखकर अपने नवाचार अंकों से अक्षर बनाने की कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ देवदास के साथ गए व्याख्याता दुष्यंत कुमार वर्मा का बेस्ट एचीवर्स अवार्ड से सम्मान किया गया। इस संदर्भ में आपको बताना चाहेंगे कि डॉ देवदास छत्तीसगढ़ के शिक्षा साहित्य और लोक कला संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। डॉ देवदास को उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश के शिक्षक संघ, साहित्यिक मंच, लोक कला संघ, माँ कौशल्या मंदिर चंदखुरी, तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, एवं समस्त जिला मानस संघ छत्तीसगढ़ और शुभ चिंतकों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही है।

# देवभोग क्षेत्र-मोटरापारा में शिक्षिका की विदाई से फूट-फूट कर रोने लगे छात्र-छात्राएं

## वीडियो देखकर आप भी कहेंगे, ये होता है गुरु और शिष्य के बीच का प्रेम



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग-** गुरु और शिष्य के बीच एक अनोखा रिश्ता होता है और इसी अनोखे रिश्ते की एक भावुक कर देने वाली तस्वीर गरियाबंद जिले के देवभोग ब्लॉक के मोटरापारा प्राथमिक शाला से सामने आई है.. दरअसल मोटरापारा के प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका मनोरमा साहू का हाल ही में दूसरे स्कूल में व्यवस्था के तहत पोस्टिंग हुआ.. पोस्टिंग होने के बाद शिक्षिका मंगलवार को मोटरापारा के प्राथमिक शाला रिलिविंग लेने पहुंची थी.. शिक्षिका ने रिलिविंग लेकर स्कूल के अन्य शिक्षकों से मुलाक़ात किया.. इसके बाद बच्चों से मुलाक़ात कर उनका भी हालचाल जाना.. इस दौरान जैसे ही बच्चों को जानकारी मिली कि उनकी मेम का दूसरे स्कूल में व्यवस्था कर दिया गया है तो बच्चे उनसे लिपटकर फूट-फूट कर रोने लगे.. वहीं बच्चों का प्यार देखकर शिक्षिका भी भावुक हो गई और उनकी आँखों में आंसू छलक पड़े.. बच्चे रोते हुए शिक्षिका को स्कूल के बाहर तक छोड़ने आये.. सभी छात्र-छात्राएं एक ही रट लगाए बैठे थे कि मेम आप मत जाइये.. शिक्षिका और बच्चों का प्रेम देखकर स्कूल के अन्य शिक्षक भी भावुक हो गए..

परेशानी के चलते बच्चों से होना पड़ रहा है दूर-२ बच्चों का प्रेम देखकर शिक्षिका भी बहुत ज्यादा भावुक हो गई.. उनके भी आँख से आंसू छलक पड़े.. शिक्षिका ने सभी बच्चों को समझाया कि मेरे पैर में तकलीफ है.. पैरों में रॉड लगने के कारण इतनी लम्बी दूरी तय कर पाना सम्भव नहीं हो पा रहा है.. ज्यादा लम्बी दूरी तय करने के बाद पैरों में दर्द शुरू हो जाता है.. इसी मजबूरी के चलते आपसे कुछ दिनों के लिए दूर जा रही हूँ मेरे बच्चों.. शिक्षिका ने बच्चों से वादा किया कि अभी मेरा इलाज चल रहा है, जैसे ही मुझे परेशानी से राहत मिलेगा, मैं फिर आपके पास आ जाऊंगी.. शिक्षिका के समझाईश के बाद बच्चे थोड़ा शांत हुए.. लेकिन शिक्षिका को जाते देख सभी के आंसू लगातार बह रहे थे.. गॉव के आकाश प्रधान ने प्रेस वार्तालाप पर लोकहित एक्सप्रेस न्यूज़ को बताया कि बच्चों और शिक्षिका साहू के बीच एक अलग ही प्रेम था.. आकाश के मुताबिक बच्चे अपनी मैडम से हर बातों को खुलकर शेयर करते थे.. वहीं बच्चों को जरा भी तकलीफ हो तो उस तकलीफ को दूर करने में शिक्षिका भी कभी पीछे नहीं हटती थी.. बच्चा अगर एक दिन स्कूल ना आये तो शिक्षिका बच्चों के माता-पिता से कारण जानकर बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करती थी.. आज उनकी यही प्रेरणा को बच्चे याद करते हुए शिक्षिका से बिछड़ने के गम में बिलखते हुए नजर आ रहे है.

# मैनपुर क्षेत्र में कीचन शेड में पांच कक्षाएं संचालित हो रही है, बार बार शिकायत फिर भी अफसर बेखबर

## राजीव गोद ग्राम कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्राम कुर्बापानी, मटाल, भालुडिग्गी में खुले आसमान के नीचे आदिवासी कमार बच्चे सुनहरे भविष्य गड़ने मजबूर

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** एक तरफ राज्य व केन्द्र सरकार बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दम भरते नहीं थक रहे हैं। दुसरी ओर गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के दुरस्थ वनांचल के ग्रामों में बदहाल शिक्षा व्यवस्था के चलते विशेष पिछडी कमार आदिवासी जनजाति के मासूम बच्चो को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रहा है और बकायदा बच्चे शिक्षा हासिल करने स्कूल तक पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हे बैठकर पढ़ाई करने के लिए स्कूल भवन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। यहां सब स्थिति क्षेत्र के बहु प्रसिध्द ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट जो पूर्व प्रधानमंत्री स्वः राजीव गांधी के गोद ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्रामों में देखने को मिल रहा है और तो और शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारियों को यह तक मालूम नही है कि बच्चे किस स्थिति में पढ़ाई कर रहे हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 16 किलोमीटर दुर भालुडिग्गी जो कमार जनजाति ग्राम है और कुल्हाडीघाट ग्राम पंचायत के आश्रित गांव है। इस गांव में सन् 1997 में प्राथमिक शाला शासन के द्वारा प्रारंभ किया गया है, और स्कूल भवन का भी निर्माण किया गया है। स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गया है, स्कूल भवन के छत पुरी तरह से जीर्ण शीर्ण हो चुका है और बडे बडे प्लास्टर टुटकर गिर रहे हैं, जिसके चलते इस भवन स्कूल की कक्षाए संचालन करना किसी खतरे से कम नहीं है। बच्चों की जान की सुरक्षा को देखते हुए मात्र 05 फीट लंबा चौड़ा छोटे से कीचन सेड के अंदर कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तक की पांच कक्षाए संचालित किया जा रहा है। भले ही यह सुनकर आश्चर्य होगा लेकिन यह पुरी तरह सत्य है। कीचन सेड के भीतर कुल 18 छात्र छात्राएं अध्ययन कर रहे है और इन्हे पढ़ाने के लिए दो शिक्षक की व्यवस्था किया गया है। यदि पुरे बच्चे एक साथ स्कूल में पढाई करने पहुंचते हैं तो शिक्षक इतने छोटे कमरे के अंदर खडे भी नहीं हो पाते ऐसे में उन्हे बाहर से खडे होकर पढाई करवाना पड़ता है या तो खुले आसमान के नीचे कक्षा संचालित करवाना मजबूरी बन गई है।




प्रधान पाठक पीताम्बर बंछोर ने प्रेस वार्तालाप पर लोकहित एक्सप्रेस न्यूज़ को बताया कि कीचन सेड में स्कूल का संचालन करने में बहुत तकलीफ हो रही है। कई बार इसकी लिखित जानकारी विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय मैनपुर में दिया जा चुका है। गौवरमुंड में स्कूल भवन छत टुटकर गिर रही है जिसके कारण आंगनबाडी में दो वर्षो से स्कूल संचालित झोपड़ी के भीतर कुर्वापानी, मटाल और ताराझर में हो रहा है स्कूल का संचालन कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम जो पहाड़ी के ऊपर बसा है ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, मटाल, भालूडिग्गी यहां शासन द्वारा लगभग 15 से 20 वर्ष पहले प्राथमिक शिक्षा के लिए स्कूल तो खोला गया है लेकिन इन ग्रामो मे पड़ाई करने वाले छात्र -छात्राओ के लिए भवन का निर्माण आज तक नही किया गया है जिसके कारण खुले आसमान के नीचे विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार बच्चे अपने सुनहरे भविष्य गड़ रहे है। मैनपुर शिक्षा विभाग के अधिकारी बीईओ ने प्रेस वार्तालाप पर लोकहित एक्सप्रेस न्यूज़ को बताया कि मुझे इसके बारे में जानकारी नहीं है इस सबंध में जब विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा से चर्चा किया गया तो उन्होंने कहा कि वे दो तीन माह पहले आए हैं। मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। संकुल समन्वयकों से जानकारी लेने के बाद ही कुछ बता पाउंगा ।

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के बड़े भाई श्री सोमा भाई मोदी जी से मिलने का सौभाग्य एवं आशिर्वाद प्राप्त हुआ

**रायपुर।** रायपुर संवाददाता किरीट तिवारी आज गुजरात प्रवास पर दिनांक 12/07/2023 बुधवार को गुजरात के वडनगर में निवासरत श्री सोमा भाई मोदी जी से वडनगर में उनके सेवा आश्रम में मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।आप सभी को विदित हो श्री सोमा भाई मोदी जी हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी के बड़े भाई है और उनका सादा सरल सहज स्वभाव का जीवन गरीबों की सेवा में समर्पित है। आप से मिलकर एक पल भी महसूस नहीं हुआ की आप के भाई इस देश का नेतृत्व कर रहे है ।आप की सरलता सहजता से प्रणाम करता हूं। आप के द्वारा मुझे खूब सारा आशिर्वाद प्राप्त हुआ साथ ही महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सेवा कार्य से भी अवगत कराया। जो कार्य में लांजी जिला में हम कर रहे हैं। ऐसे ही सेवा कार्य में आप वडनगर में अग्रसर है आप के द्वारा वृद्ध आश्रम में वृद्ध आदमी के सेवा में पूरा जीवन समर्पित कर दिया । उनके साथ कुछ पल बात करने का अवसर मिला लोगो ने बताया उनकी सरलता 80 वर्षीय श्री सोमाभाई मोदी जी सर्वोदय सेवा ट्रस्ट चलाते हैं। सर्वोदय सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के एवं निशुल्क मोतियाबिंद, बड़े स्वास्थ शिविर के द्वारा उनकी सेवा कार्य किया जा रहा है लेकिन वहां अब भी सब कुछ सादगीपूर्ण है।

**श्री सोमा भाई मोदी जी का सारा जीवन सेवा कार्य में समर्पित**-श्री सोमाभाई मोदी जी की जिंदगी आज भी भव्यता और चमक-दमक से दूर है। वे पहले की ही तरह दोपहर के वक्त आश्रम में शंख बजाते और दैनिक काम भी पहले की ही तरह करते हैं। आम आदमी की तरह जीवन है आम जन सामान्य से अभी भी प्रेम से मिलते हैं उनके चेहरे से रतिभर नहीं झलकता कि वे देश के पीएम के बड़े भाई हैं। सोमाभाई 2001 में गुजरात में आए भूकम्प के बाद से यहां रह रहे हैं। उसी साल के अंत में नरेंद्र मोदी राज्य के सीएम बने थे, तब भी सोमाभाई के जीवन और सेवाभाव में कोई फर्क नहीं आया। वे



इस आश्रम में रक्तदान शिविर और हेल्थकेयर कैंप , मोतियाबिन्द कैंप,भी लगवाते हैं। सोमाभाई कभी भी किसी टीवी चैनल को इंटरव्यू नहीं देते क्योंकि उनका कहना है कि उन्हें खुद को प्रधानमंत्री के भाई के रूप में पहचान नहीं बनानी है। वे राजनीति और लाइमलाइट से दूर रहकर काफी खुश हैं क्योंकि इससे उनके छोटे भाई के पद का फायदा उनके उद्देश्य के रास्ते नहीं आता है। सोमाभाई मोदी ने 26 मार्च 1999 को अहमदाबाद, गुजरात में सर्वोदय सेवा ट्रस्ट नामक ट्रस्ट की स्थापना की। उन्होंने 29 जनवरी 2001 को अपने पिता श्री दामोदरदास मूलचंद मोदी ट्रस्ट की स्थापना की याद में एक वृद्धाश्रम, विसामो वृद्धाश्रम की स्थापना की। आज भी सेवा चालू। गुजरात के वडनगर में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी के बड़े भाई सोमा भाई से एक शिष्टाचार मुलाकात की। वडनगर में सर्वोदय सेवा संस्थान का संचालन कर रहे प्रधानमंत्री जी के बड़े भाई सोमा भाई से मुलाकात के दौरान आज देश के प्रधान के बड़े भाई से मिलने का अवसर प्रदान हुआ,एक सादगी भरे इंसान के दर्शन के अभिलाषी थे आज ये अवसर प्रदान हुआ। ड्डुशी की बात है कि आप स्वस्थ और जन सेवा के कार्यो से जुड़कर मानवता का उदहारण प्रस्तुत करे रहे है,देश के प्रधान के बड़े भाई होने के नाते आपके जीवनचर्या में कोई परिवर्तन नहीं है,आपने अपना जीवन मानवता की सेवा अर्पित किया वही सोमा भाई ने अपने आश्रम को का भ्रमण कराया वही अपने पिता दामोदर दास मोदी की मूर्ति के भी दर्शन कराये वही मोदी जी वडनगर रेलवे स्टेशन पर जहां चाय बेचते थे उस चाय स्टाल को भी देखा। महावीर इंटरनेशनल लांजी बालाघाट (अपेक्स )की ओर से सम्मानित किया और कार्यो से अवगत कराया। महावीर इंटरनेशनल लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के द्वारा मानव सेवा में सारे कार्य किए जाते हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर, निशुल्क मोतियाबिंद और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार ,महिला सशक्तिकरण, कृषि पर आधारित कार्यों का संपादन करने का कारण महावीर इंटरनेशनल के माध्यम से किया जाता है जिससे कि आम जनमानस स्वयं आत्मबल आत्मनिर्भर हो और संस्था सबको प्यार सबकी सेवा और जियो और जीने दो के सिद्धांत पर सेवा कार्य में सारे सभी सदस्य सेवा कार्य करते हैं। महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा अभी तक 400 से ज्यादा कैंप आयोजित किया गया और लगभग पंद्रह से बीस हजार मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन किया जा चुका है और ये कार्य निरंतर अनवरत जारी रहेगा।

# ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती : कर लगाने की पद्धति और सांविधानिकता की कसौटी

मंगलवार को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक हुई, जिसे कर व्यवस्था में मील का पत्थर कहा जा सकता है। दरअसल काफी विमर्श के बाद जीएसटी को लागू किया जा सका था। इससे पहले परिषद की 49 बैठकें हुईं, जिनमें करीब 1,500 फैसले किए गए, जो सहकारी संघवाद की भावना को प्रदर्शित करते हैं। इसमें कर आकलन के अनुपालन को सुव्यवस्थित करने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई। वित्तमंत्री ने बताया कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण राज्यों की राजधानियों में स्थापित किए जाएंगे, जहां उच्च न्यायालय की बेंच है। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण इस वित्तीय वर्ष से काम करने लगेगा।

इस बैठक से पहले सरकार ने सात जुलाई को एक अधिसूचना के जरिये जीएसटीएन को पीएमएलए के दायरे में ला दिया है, जो जीएसटीएन, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों के बीच जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक में स्वाभाविक रूप से इस पर सवाल उठे। आम आदमी पार्टी शासित पंजाब और दिल्ली के वित्त मंत्रियों ने आशंका जताई कि इससे कर आतंकवाद को बढ़ावा मिल सकता है और करोड़ों जीएसटी धारकों को ईडी द्वारा प्रताड़ित किया जा सकता है। लेकिन केंद्रीय वित्तमंत्री ने राज्यों को बताया कि वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) के दायित्वों को पूरा करने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईडी मामलों को जीएसटीएन को भेज सकता है, जबकि जीएसटीएन डाटा ईडी को नहीं भेजा जाएगा। वित्तीय खुफिया ईकाई (एफआईयू) के निदेशक को जब लगेगा कि कर चोरी या मनी लॉन्ड्रिंग हुई है, तो वह अधिकारियों को जानकारी प्रदान करेंगे।

जीएसटी परिषद ने चार वस्तुओं पर कर कटौती को मंजूरी प्रदान की। कैंसर एवं दुर्लभ बीमारियों के उपचार में काम आने वाली दवाओं और पूरक या विशेष चिकित्सा प्रयोजन के खाद्य के आयात को जीएसटी से मुक्त रखने का निर्णय सबसे स्वागत योग्य फैसला है। इससे दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित मरीजों को राहत मिलेगी और उनके इलाज की लागत में कमी आएगी। उपग्रह प्रक्षेपण क्षेत्र में समान अवसर उपलब्ध करवाने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि इसरो, एंट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड और न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) द्वारा दी जाने वाली उपग्रह प्रक्षेपण सेवाओं पर जीएसटी छूट को निजी क्षेत्र के संगठनों को भी उपलब्ध करवाया जा सकता है, ताकि ऐसे निजी खिलाड़ियों को भारत में इस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

ऑटोमोबाइल के मामले में अतिरिक्त उपकर लगाने के लिए एमयूवी और एसयूवी की परिभाषा को स्पष्ट किया गया है। कुछ राज्यों के प्रतिनिधियों के अनुरोध पर सेडान को एसयूवी के निर्धारित आकार पर 22 फीसदी तक उपकर की वृद्धि से छूट दी गई है। कोई भी




उपयोगिता वाहन, जिसकी लंबाई चार मीटर से अधिक है, जिसकी इंजन क्षमता 1,500 सीसी से अधिक है और 170 मिमी से अधिक ग्राउंड क्लीयरेंस (बिना लदाई के) है, उस पर 28 प्रतिशत जीएसटी के अलावा 22 प्रतिशत मुआवजा उपकर लगेगा। हालांकि, यह सेडान पर लागू नहीं होगा।

सिनेमा हॉल में परोसे जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों पर अब 18 फीसदी के बजाय पांच फीसदी जीएसटी लगेगा, जिसका सिनेमा मालिक कंपनियों ने स्वागत किया है। सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली घोषणा ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और घुड़दौड़ के लिए पूर्ण अंकित मूल्य पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने की थी। नतीजतन बुधवार सुबह सबसे बड़ी कैसीनो संचालन कंपनी के शेयर की कीमत में भारी गिरावट आई।

वित्तमंत्री ने बताया कि जीएसटी काउंसिल का इरादा ऑनलाइन गेमिंग उद्योग या राज्यों को नुकसान पहुंचाना नहीं है। काउंसिल ने इस पर गंभीरता से विचार करके फैसला लिया है, जो दो-तीन वर्षों से लंबित था। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने की प्रभावी तारीख जीएसटी कानून में संशोधन के बाद लागू होगी।

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां लंबे समय से खुद को सट्टेबाजी और जुआ व्यवसायों से अलग माने जाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, जिनकी समाज में नकारात्मक छवि है और जिन पर कठिन कर प्रावधान लागू हैं। इस फैसले से भारत में फल-फूल रहे ऑनलाइन गेमिंग उद्योग को 1.6 अरब डॉलर का नुकसान होता दिख रहा है। ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म इंडिया प्लेज के मुख्य परिचालन अधिकारी आदित्य शाह ने कहा, 28 फीसदी कर दर लगाने से गेमिंग उद्योग के समक्ष महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा होंगी। यह उच्च कर बोझ कंपनियों के नकदी प्रवाह को प्रभावित करेगा, जिससे नवाचार, अनुसंधान और व्यापार विस्तार में निवेश करने की उनकी क्षमता सीमित हो जाएगी।

वित्तमंत्री ने दिसंबर, 2022 में संसद को बताया था, भारत के साथ-साथ विदेशों में भी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने अप्रैल 2019 से नवंबर, 2022 तक 229 अरब रुपये के जीएसटी की चोरी की। गेमिंग कंपनियों ने कुछ राज्य सरकारों के प्रतिबंधों को अदालतों में चुनौतियां दी हैं। वैश्विक उदाहरण देखें, तो अमेरिका कैसिनो और गेमिंग पर 50 फीसदी से ज्यादा कर लगाता है, फ्रांस जैसे कई यूरोपीय देशों में कर की दर 80 फीसदी तक है, जबकि कैसिनो और जुआ गतिविधियों के प्रमुख केंद्र मकाउ में कर की दर 30 फीसदी है। केन्या ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग की लत के प्रसार को रोकने के लिए इस पर कर दर को 15 फीसदी से बढ़ाकर 35 फीसदी कर दिया है, जो युवाओं के साथ-साथ गरीब तबके को भी प्रभावित कर रहा है।

भारत जैसे विशाल देश में सट्टा उद्योग, जिसका कुल आकार 280 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी में 14,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है, वाकई एक बड़ी चुनौती है, जिस पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। जब सभी प्रमुख बुनियादी ढांचा गतिविधियों के लिए जरूरी सीमेंट पर 28 फीसदी जीएसटी लगाया जा सकता है, तो कैसिनो, घुड़दौड़ और ऑनलाइन गेम पर यह असामान्य नहीं है। खेतान ऐंड कंपनी के पार्टनर सुदीप्त भट्टाचार्जी ने कहा, गेम्सक्राफ्ट मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्णय में कौशल और संयोग के खेल के बीच अंतर की सराहना नहीं की गई है। यह देखना होगा कि क्या ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने की निर्धारित पद्धति सांविधानिकता की कसौटी पर खरा उतरेगी या नहीं। किसी भी मामले में इसे पूर्वव्यापी तरीके से लागू नहीं किया जा सकता है। जाहिर है, इस मामले में यह अंतिम फैसला नहीं है।

संपादकीय

## 5 नहीं सिर्फ 2 दिन...!

मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र हंगामा की बारिश में डूबा और 5 दिन का सत्र सिर्फ दो दिन में ही समाप्त हो गया। शिवराज सरकार सत्र चलाने में विफल रही। क्यों रही? चर्चा में जवाब देने की स्थिति में सरकार थी ही नहीं अथवा जानबूझ कर वह अपना बचाव करने की रणनीति पर चली? हालिया सीधी जिले वाला पेशाब कांड वजनदारी से उठाए जाने की रणनीति विपक्ष की थी। 5 दिन का सत्र आहूत किया गया था। 2 दिन में 10 घंटे तक चलने वाली कार्यवाही 2 घंटा 34 मिनट ही चल पाई। कांग्रेस ने आदिवासियों पर कथित अत्याचार पर अलग से चर्चा कराने की मांग की थी। सरकार को स्वीकार नहीं हुआ। क्यों नहीं हुआ? इसका जवाब आम आदिवासी और आम आदमी खुद समझ ले। सरकार 'लाडली बहना' जैसी लोकप्रिय हुई योजना पर काम कर रही है। उसमें भी शिकायतें हैं। भोपाल के सतपुड़ा अग्निकांड तथा उज्जैन के महाकाल लोक के निर्माण में भ्रष्टाचार के सिलसिले में चर्चा की मांग विपक्ष करता रहा। विधानसभा अध्यक्ष के प्रति पूर्ण सम्मान के साथ यह कहना ठीक है कि 'आसंदी' 'कठपुतली' की याद दिलाती रही। महंगाई का ग्राफ ऊंचा हो रहा है। बेरोजगारी कायम है। कानून एवं व्यवस्था की स्थिति नाजुक है। अत्याचार जारी है, लेकिन उपचार का रास्ता सरकार खोल नहीं पा रही है। नये-नये महाविद्यालय और अस्पतालों के खोलने के फैसले के बावजूद यदि पब्लिक में असंतोष व्याप्त है तो सरकार ही तो जिम्मेदार होगी? इसी साल राज्य में विधानसभा का चुनाव होना है। भाजपा अपने लिए 'कार्ड' चला रही है, शायद यह भी वजह है कि विधानसभा का सत्र कुछ यूं चला कि पिछले सत्र की तरह इस सत्र में भी परम्परागत तौर से दी जाने वाली विदाई तक नहीं हो पाई।




मध्यप्रदेश का हाल बुरा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के नेता गोविंद सिंह के सवाल पर लिखित जवाब दिया कि 3 महीने में 78 हजार से अधिक बच्चे कुपोषित मिले हैं। आदिवासियों की 92 हजार एकड़ जमीन सिर्फ 20 हजार करोड़ में गैर आदिवासियों को बेच दी गई है। कटनी और जबलपुर जिले के 4 अधिकारियों पर लोकायुक्त ने केस दर्ज किया है। अंततः बिना चर्चा अनुपूरक बजट पारित हो गया। विधायकों को चुनने वाले मतदाताओं पर इसका क्या असर होगा यह चुनाव के वक्त देखना दिलचस्प रहेगा।

हुका बार और तम्बाकू से बने उत्पाद के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार द्वारा संशोधित विधेयक पारित किया जाना अच्छा निर्णय रहा। मदिरा की दुकानों पर चल रहे अहाते बंद हो जाने के बाद आसपास और गली-कूचों तथा अंधेरी सी सड़कें अहातों में तब्दील हो गई हैं। इस ओर ध्यान देना जरूरी है।

# कुदरत का संदेश : प्रकृति से सामंजस्य बनाकर रहो या फिर अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो



मैदानी इलाकों की बात करें तो दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों में आबादी के इलाकों में भी पानी भर गया है जिसमें कहीं सड़क धंस गई है, तो कहीं भवनों की दीवार गिरने के चलते लोगों को जान-माल का नुक़सान उठाना पड़ रहा है।

मानसून सीजन की बारिश के प्रचंड प्रकोप के चलते जगह-जगह नदी-नाले जबरदस्त उफान पर हैं। झील, तालाब, पोखर आदि बरसाती पानी से लबालब हो गये हैं। जबरदस्त जलभराव व मलबे की मार के चलते गली मोहल्लों की सड़कें व रिहायशी इलाके तक भी जानलेवा नालों में बदल गये हैं। जिसके चलते ही देश के विभिन्न राज्यों से पिछले कुछ दिनों से लोगों के जान-माल की तबाही की झकझोर देने वाली तस्वीरें आ रही हैं। शासन-प्रशासन सिस्टम कुदरत की मार के आगे बेबस व लाचार होकर के पूरी तरह से नतमस्तक नज़र आ रहा है। लोगों को जल प्रलय के बीच से सुरक्षित निकाल करके तत्काल राहत देना बेहद दुष्कर कार्य साबित होता जा रहा है। कुदरत की मार से प्रभावित हुए लोगों के लिए बिजली, पानी, भोजन, चिकित्सा व सर ढंकने के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवाना सिस्टम के लिए चुनौती बनता जा रहा है। जिसके चलते ही उत्तर भारत के बहुत सारे इलाकों के लोग बाढ़ जैसे हालातों में रहने के लिए मजबूर हो गये हैं।

कभी भीषण गर्मी के प्रकोप को झेल रहा उत्तर भारत मानसून का बहुत ही बेसब्री से इंतज़ार कर रहा था, लोगों को उम्मीद थी कि मानसून उनको राहत देगा, लेकिन मानसून के सीजन में जब बारिश को लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत देनी थी, उस वक्त लोगों के लिए बारिश एक बहुत बड़ी आफ़त बन गयी। जल प्रलय से जगह-जगह नदी-नालों में हो रहे भारी उफान ने जलभराव, जबरदस्त भू कटाव व मलबे ने बड़ी आफ़त देने का कार्य कर दिया। पिछले कई दिनों से देश के विभिन्न हिस्सों में बादलों की प्रचंड गर्जना के साथ पहाड़ से लेकर मैदान तक हर तरफ कुदरत की मार के चलते भयंकर तबाही का मंजर बन गया है, जिसने लोगों को बेघर करते हुए 19 लोगों के अनमोल जीवन को लीलने का दुखद कार्य कर दिया है। देश की राजधानी दिल्ली से लेकर के जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों में इस बार जुलाई माह में अपेक्षाकृत ज्यादा हो रही बारिश ने लोगों का जीना-बेहाल करके रखा दिया है।

हालांकि केन्द्र व राज्य सरकार प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं, लेकिन भारी तबाही के चलते वह प्रयास फिलहाल तो %ऊंट के मूंह में जीरा% साबित हो रहे हैं। बारिश के चलते हुई भारी तबाही नित-नयी दर्दनाक पिक्चर लेकर सामने आ रही है, बारिश की मार से अब तो लोगों को भारी जान-माल की क्षति उठानी पड़ रही है। लोग सरकार व एक दूसरे के सहयोग से इस आपदा को मात देने में लगे हुए हैं। भारी बारिश के चलते व डैम से अधिक पानी छोड़े जाने के चलते राजधानी दिल्ली पर वर्ष 1978 की तरह बाढ़ आने का खतरा मंडराने लगा है, यमुना नदी लगातार खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में नदियां व बरसाती नाले अपने जबरदस्त उफान पर हैं, जो भी कुछ उनकी राह में बाधक बन रहा है वह तिनके की तरह उसको बहाकर ले जाने पर आमादा हैं, पहाड़ों पर भू-कटाव, भू-धंसाव, दरकते पहाड़, भूस्खलन, पत्थरों के बड़े-बड़े बोल्डर व मलबा लोगों के जान माल के दुश्मन बन गये हैं।

वहीं मैदानी इलाकों की बात करें तो दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों में आबादी के इलाकों में भी पानी भर गया है जिसमें कहीं सड़क धंस गई है, तो कहीं भवनों की दीवार गिरने के चलते लोगों को जान-माल का नुक़सान उठाना पड़ रहा है, वहीं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में तो भीषण जाम के झाम ने लोगों, जानवरों व अन्य जीव-जंतुओं तक का जीना मुहाल कर दिया है। इस वर्ष जुलाई माह में हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश बार-बार अमरनाथ, चार धाम व कांवड़ यात्रा में व्यवधान उत्पन्न करने का कार्य कर रही है, इन धार्मिक यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करवाकर घर पहुंचाने की चुनौती से केन्द्र व राज्य सरकारें निरंतर जूझ रही हैं। मौसम के माध्यम से वर्षों बाद एक बार फिर से प्रकृति ने धरावासियों को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि या तो प्रकृति के साथ सामंजस्य करके जीना सीख लो या फिर आने वाले समय में हर वर्ष भारी जान-माल की तबाही के लिए तैयार रहो।

( वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार व राजनीतिक विश्लेषक )

## प्लास्टिक का विकल्प बनते बांस के उत्पाद

बांस का उत्पादन और उससे जुड़ा हस्तनिर्मित शिल्प का रोजगार कुछ मंदा पड़ गया। ज्यादा नहीं, विगत दो दशकों में गति कुछ ज्यादा बढ़ी। बांस-बेंत के हस्तशिल्प उत्पाद आसानी से खोजने से नहीं मिलते। मिलते भी हैं, तो बहुत महंगे? जबकि, एक जमाना ऐसा भी था, जब बांस उत्पादन हिंदुस्तान के कोने-कोने में बड़े पैमाने पर होता था। राज्यों व केंद्र सरकार की उदासीनता ने बांस की खेती को प्रभावित किया। देखते ही देखते बांस की खेती सिमट गई, लेकिन उसे रोकने की कोशिश नहीं की गई। हालांकि चीन के बाद पूरे विश्व में बांस उगाने में भारत अब भी दूसरे नंबर पर है। पर, जितना बांस उगाना चाहिए, उतना उगता नहीं? मौजूदा समय में जितना उत्पादन बांस का होता है, उसका एक तिहाई तो पड़ोसी देशों में ही भेज दिया जाता है। बांस से निर्मित वस्तुओं की ओर लोगों का आकर्षण फिर बढ़ रहा है। दरअसल, दुनिया प्लास्टिक वस्तुओं से तौबा करने लगी है, जिसका विकल्प बांस बन रहा है। इसलिए इसका बाजार अचानक बढ़ा है। लोग प्लास्टिक की जगह बांस के इको-फ्रेंडली उत्पादों को अपनाने लगे हैं। चीन बांस उत्पादन में कई दशकों से अव्वल है, जहां रोजमर्रा के सामान, जैसे-रसोई के बर्तन, फर्नीचर, खिलौने, पेंटिंग, सजावटी सामान और हस्तशिल्प का प्रयोग बहुत ज्यादा होने लगा है। उसी को देखकर हिंदुस्तान में फर्नीचर व इको-फ्रेंडली उत्पादक कंपनियां अब किसानों को बांस की कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की राय देने लगी हैं। निश्चित रूप से इस कदम से पर्यावरण की बेहतरी, किसानों का अच्छा मुनाफा व ग्रामीण स्वरोजगार के तौर पर 'बांस की खेती' का अच्छा भविष्य दिखने लगा है।

संसार में बांस की कुल 1,662 प्रजातियां हैं, जिनमें से 130 उच्च कोटि की प्रजातियां भारत में हैं। मणिपुर और मिजोरम में सबसे अच्छा बांस उगता है। इसके अलावा देश के कुछ मैदानी क्षेत्रों में भी कभी अव्वल दर्जे का बांस उपलब्ध होता था। दूर न जाएं, उत्तर प्रदेश का बरेली जनपद, जिसे 'बांस बरेली' के नाम से जानते हैं, वहां बांस की खेती कभी बड़े स्तर पर होती थी। लेकिन आज वहां बांस का उत्पादन घट गया है। ऐसे और भी बहुतेरे क्षेत्र हैं, जहां बांस की खेती हुआ करती थी। बरेली से सटा जिला है पीलीभीत, वहां की बांसुरी विश्व प्रसिद्ध रही है।

हाल ही में बांस उपयोगिता और आधुनिक युग में इसकी जरूरत को लेकर दर्जनों यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने न्यूयॉर्क में एक साथ शोध किया, जिसमें हंगेरियन यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर से संबंध रखने वाले वैज्ञानिक एंजॉय नाथन ने कहा कि बांस के जरिये बायोएथेनॉल, बायोगैस और अन्य बायोएनर्जी उत्पाद भी बन सकते हैं। उनका जोर था कि विश्व के वे देश बांस के उत्पादन को बढ़ाने में फिर विचार करें, जहां-जहां बांस का उत्पादन संभव है। उनका इशारा भारत की ओर ही था।

भारतीय परिवेश में बांस को 'हरा सोना' कहा गया है, क्योंकि दूसरी फसलों के मुकाबले बांस में आमदनी अच्छी है। कृषि मंत्रालय चाहता है कि किसान फिर से बांस की खेती करें। इसके लिए सब्सिडी और बीमा योजना भी बनाई गई है। बांस की खेती से 25-30 टन प्रति हेक्टेयर बांस उगता है, जो तीन से चार हजार रुपये प्रति टन तक बिकता है। किसान चाहें, तो बांस की रोपाई के तीन साल बाद प्रत्येक वर्ष सात से आठ लाख रुपये प्रति हेक्टेयर कमा सकते हैं। भारत सरकार ने 'राष्ट्रीय बांस मिशन' भी शुरू किया है, जिसके तहत किसानों को बांस के पौधों पर सब्सिडी देना भी आरंभ किया गया है, बावजूद इसके किसान बांस के उत्पादन में रुचि नहीं ले रहे हैं।

# मानसून में डूबते शहर, नगर के साथ-साथ महत्वपूर्ण है पर्यावरण नियोजन

हर बार ग्रीष्म ऋतु में ज्यादातर भारतीय गर्मी का सामना करते हैं और उन्हें मानसून से ही राहत मिलती है। फसलों के लिए मानसून पर निर्भर रहने वाले किसान यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतते हैं, कि उनकी फसलों को बारिश से फायदा हो। इसके साथ बहुत-से लोग ऐसे भी होते हैं, जो प्रकृति के प्रकोप से डरते हैं, क्योंकि भयंकर बारिश तबाही मचा देती है। और यह अब सिर्फ शहरी क्षेत्रों की कहानी नहीं है, बल्कि इन दिनों पूरा भारत गंभीर मानसून के प्रकोप का सामना कर रहा है। बड़े से लेकर छोटे शहरों तक का जलमग्न होना और लोगों का इससे प्रभावित होना अब आम बात हो गई है। मूसलाधार बारिश और बाढ़ से उत्तर भारत के सात राज्य और केंद्र शासित प्रदेश बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली शामिल हैं। अभी जुलाई की शुरुआत है और पहले ही देश के कई हिस्से भारी बारिश का सामना कर रहे हैं। विडंबना यह है कि कुछ महीने पहले ही भविष्यवाणी की गई थी कि हमें अल नीनो प्रभाव का सामना करना पड़ेगा, जो मूलतः मानसून को दबा देता है, जिससे मानसून के दिनों में कुल बारिश में कमी हो जाती है। लेकिन हाल के हफ्तों में हुई बारिश को देखें, तो जलमग्न होने के कारण कई शहर ठप पड़ गए हैं और कई स्थानों पर स्कूलों को बंद कर दिया गया है। विभिन्न कार्यालयों को यह सलाह दी गई है कि वे अपने कर्मचारियों से घर से काम करवाने पर विचार करें। बाढ़ जैसी स्थिति से होने वाले नुकसान का आकलन कई हजार करोड़ रुपये का है और फायदे का कोई आंकड़ा नहीं है।

ऐसी कई चीजें हैं, जो अत्यधिक और कभी-कभी अप्रत्याशित बारिश का कारण बन रही हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी की सतह के बढ़ते तापमान का असर भी शामिल है। लेकिन भारी नुकसान के लिए असली दोषी खराब बुनियादी ढांचा और भावी मौसम की स्थितियों, खासकर भारी बारिश को ध्यान में रखते हुए अनियोजित निर्माण है। कृषि योग्य भूमि और झील एवं आर्द्रभूमि जैसे सूख चुके पुराने जल निकायों का उपयोग कंकरीट से बनी संरचनाओं के निर्माण के लिए किया जा रहा है, जो पानी को सोखने के लिए उपयुक्त नहीं है। आम तौर पर, झीलें और तालाब अतिरिक्त सतही पानी को बनाए रखने के काम आते हैं और यह भारी बारिश एवं बाढ़ के दौरान प्राकृतिक नमी का एक प्रमुख घटक है।

इसी तरह, पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निर्माण और प्राकृतिक जल निकायों के प्रवाह में जबरन बदलाव से पर्यावरण



को नुकसान हो रहा है। वन भूमि मिट्टी को बनाए रखने और भू-जल को रीचार्ज करने में मदद करती है। विकास और सड़कें बनाने के नाम पर वनों की कटाई के कारण नदियों के प्राकृतिक प्रवाह का नुकसान चिंता का विषय है। हर साल कोई न कोई पहाड़ी इलाका बारिश और बाढ़ की मार झेलता रहा है। अक्सर इन इलाकों में गांव डूब जाते हैं और जीवन व आजीविका बुरी तरह प्रभावित होती है। यहां तक कि एक-दो दिन की छोटी-सी अभूतपूर्व बारिश भी शहरों और कस्बों को लंबे समय तक जलमग्न कर देती है।

उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नोएडा एवं गुड़गांव में नव विकसित टाउनशिप को लें, तो सड़कों पर कई घंटों तक नदियों की तरह पानी जमा रहना आम बात है, जिससे यातायात और जीवन रुक जाता है। इन शहरों को बाकायदा योजना बनाकर बसाया गया, फिर भी इन्हें प्रकृति के प्रकोप का सामना करना पड़ता है, क्योंकि योजना में मानसून, पानी के प्रवाह व भूजल रिचार्ज करने पर ध्यान नहीं दिया गया।

वास्तव में, इन कस्बों और शहरों के निर्माण में इतना ज्यादा कंकरीट का जंगल बसाया गया है कि पानी सोखने के लिए कोई गुंजाइश ही नहीं बची है। इन शहरों के योजनाकारों ने वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण पर ध्यान ही नहीं दिया, जो बारिश होने पर पानी की बर्बादी के साथ-साथ तबाही का कारण बनता है। इसके लिए पूरी तरह से नगरपालिकाएं और राज्य सरकारें दोषी हैं, जो आकस्मिक स्थितियों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए उचित योजना बनाने और बड़े पैमाने पर शहरीकरण के प्रभाव पर विचार किए बिना निर्माण गतिविधियों में उदारता बरतती हैं।

शहरों और नगर पालिकाओं के मास्टर प्लान जनसंख्या में वृद्धि और उसके प्रबंधन के लिए सीमित संसाधनों के प्रभाव का अध्ययन किए बिना क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे यातायात को आसान और तेज बनाने के लिए फ्लाइओवर और सड़कों का तो निर्माण करते हैं, लेकिन जल निकासी के लिए पर्याप्त नालियां और मानसून में अतिरिक्त पानी को जमा करने के उपाय नहीं करते हैं। जिन जगहों पर ऐसी सुविधाएं बनाई भी गई हैं, वहां रख-रखाव के अभाव में पाइप उन्हीं दिनों जाम (अवरुद्ध) पाए जाते हैं, जब उनकी वास्तव में जरूरत होती है।

भीषण मानसून झेलने के आदी केरल को भी शहरीकरण के चलते चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वहां हरित आवरण घट गया है। भारी मानसून के दौरान शहरों व कस्बों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उसका प्रमुख कारण खराब योजना है, जो धीरे-धीरे पर्यावरणीय संसाधनों को भी नुकसान पहुंचा रही है। जिस प्रकार शहरी नियोजन महत्वपूर्ण है, पर्यावरण नियोजन भी महत्वपूर्ण है।

अब समय आ गया है कि सरकारें और योजना एजेंसियां इन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि देश के लोग मानसून के दौरान सुरक्षित रह सकें और पर्यावरणीय बदलावों का सामना करने के लिए हमारे पास बुनियादी ढांचा मौजूद रहे।

# भारत में सभी धर्म सुरक्षित

भारत की संस्कृति में गंगा-जमुनी तहजीब के उदाहरण मिल जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मुस्लिम क्रांतिकारियों, कवियों और लेखकों का योगदान काफी रहा है। स्वतंत्र भारत के राष्ट्रपतियों में तीन, डाक्टर जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन अली अहमद और देश के मिसाइल मैन डाक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पद पर रहे। मौलामा अब्दुल कलाम ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश में अनेक मुस्लिम नेताओं की राष्ट्रभक्ति पर कोई संदेह नहीं रहा। देश को आजाद कराने में अशफाक उल्ला खान की शहादत को कौन भुला सकता है। भारत की संस्कृति में एक विशेषता यह है कि यहां कोई भी आया वो पानी में नमक की तरह घुल गया।

आज भारत में कई तरह के विवाद खड़े किए जा रहे हैं। वास्तविकता आज भी यही है कि इस देश के विभिन्न मजहबों और मतों के मानने वाले लोग इस भूभाग में जिस कोने में भी रहते हैं सभी भारतीय कहलाए जाते हैं। भारत के राष्ट्रीय सलाहकार अजीत डोभाल ने प्रमुख धार्मिक और सामुदायिक नेताओं और शिक्षाविदों को सम्बोधित करते हुए सऊदी अरब के न्याय मंत्री और मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव डाक्टर मोहम्मद बिन अब्दुल करीम अल ईस्सा की उपस्थिति में कहा कि आतंकवाद किसी भी धर्म से जुड़ा नहीं है और आध्यात्मिक नेताओं को कट्टरपंथियों का मुकाबला करने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में किसी धर्म को कोई खतरा नहीं है। अजीत डोभाल का यह कथन शत-प्रतिशत सत्य पर टिका हुआ है। इस्लामिक सहयोग संगठन के लगभग 57 सदस्य देश हैं। इन देशों की पहचान एक कट्टर मुस्लिम देशों के रूप में होती है। इनमें से कुछ गिने-चुने देशों को यदि छोड़ दें तो ज्यादातर देश आंतरिक कलह, आतंकवाद और भयंकर अपराध के गढ़ बन चुके हैं। मिडिल ईस्ट देशों की बात करें तो सऊदी अरब, ईरान, इराक, सीरिया, तुर्की समेत करीब 18 देश हैं। इनमें से कुछ देश काफी अमीर हैं लेकिन वहां भी अशांति व्याप्त है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। आतंकवाद की खेती करने वाला पाकिस्तान इस समय अनाज के दाने-दाने को मोहताज है और लोगों को भर पेट रोटी भी नसीब नहीं हो रही। अफगानिस्तान में तालिबानी शासन की क्रूरता पूरी दुनिया देख रही है। इनके अलावा अफ्रीका में मौजूद मुस्लिम राष्ट्र ज्यादातर भयंकर आतंकवाद, भूखमरी और अपराध से ग्रसित हैं। जबकि भारत में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं पर ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आतंकवाद के मुद्दे पर भी दो टूक संदेश देने में सफल रहे। भारत कई दशकों से आतंकवाद का शिकार रहा है। आतंक के खिलाफ युद्ध में गम्भीर उकसावों के बावजूद भी भारत ने दृढ़ता से कानून के शासन, अपने नागरिकों के अधिकारों और मानवीय मूल्यों की सुरक्षा को बरकरार रखा है लेकिन जब आतंकवादियों के पनाहगाहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत हुई तो हमने अपने राष्ट्रीय हित में आतंकवाद को नष्ट करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया। आतंकवाद किसी धर्म से नहीं जुड़ा है लेकिन धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं का यह दायित्व है कि वे हिंसा का रास्ता अपनाने वालों के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करें। भारतीय मुस्लिमों को भी सोचना होगा कि मुस्लिम धर्म खतरे में है का डर फैलाकर समुदाय में असुरक्षा की भावना पैदा करना ठीक नहीं है। यह युग आतंकवाद फैलाने या युद्ध का नहीं है। मानवता की भलाई के लिए भविष्य की लड़ाई भूख, गरीबी, अज्ञानता और अभाव के खिलाफ लड़नी होगी। आज की दुनिया में हमारे सामने जटिल भू राजनीतिक चुनौतियों के साथ शांति और सद्भाव का युग शुरू करने के लिए धर्म को मानवता के लिए एक प्रेरक प्रकाश बनना होगा और तमाम मतभेदों को पीछे छोड़ना होगा। भारत में रहना मुस्लिमों के लिए गर्व की बात है क्योंकि वे यहां काफी सुरक्षित हैं।

# पूर्वजन्म में हमने पुण्य उपार्जन किया होगा तब जाकर जिनशासन मिलता है: मुनिश्री राजपद्मसागर

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ एलएन पुरम श्रीरामपुरम में पूज्य महाराज साहब ने ,हो अहो जिनशासन ,की विशेष रविवारीय प्रवचन संख्या में फरमाया की पूर्वजन्म में हमने पुण्य उपार्जन किया होगा तब जाकर हमे जिनशासन मिलता है । मुनि श्री राजपद्मसागरजीम.सा आज जे.पी.पी श्रमणी भवन में पूज्य गुरुदेव मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा ने अहो जिन शासनम् के विषय में बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को कहा कि भगवान महावीर ने शासन स्थापना करके अनेक जीवो को तारने का काम किया है और उसी परंपरा हमारे तक जिनशासन पहुंचाने का काम हमारे पूर्वाचार्यों ने किया है । अनेक महापुरुषो ने हमारे लिए जिन आगम, एवं जिन प्रतिमा की सुरक्षा एवं रक्षा के लिए आचार्य देव श्री यक्षदेवसूरिजी महाराजाने अपने 500 शिष्यों का बलिदान दे दिया और गोवा के राजा कुमुद राजाने भी धर्म परिवर्तन नहि किया, और 25000 से भी ज्यादा लोग अपने जैनधर्म के लिए अपनी जान दे दी. ऐसे अनेक द्रष्टांतों के द्वारा श्रावक एवं श्राविकाओं को जिनशासन के लिए उसकी रक्षा के लिए अपना सर्वस्व लूटा दिया ऐसे जिनशासन के लिए हम भी कुछ करे यही बातो को समझाया- पैसों से सब कुछ मिलता है पर पुण्य से ही जिन शासन मिलता है. और मुनि श्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा



कि मनुष्य जन्म मिलना भाग्य की बात है पर मनुष्य भव मिलने के बाद अरिहंत परमात्मा के द्वारा शासन स्थापना एवं जिन शासन मिलना सौभाग्य की बात है.- और 18 जुलाई से अपने श्री संघ में सतिकर महातप का शुभारंभ होने जा रहा है.पूर्वजन्म में हमने पुण्य उपार्जन किया होगा तब जाकर हमे जिनशासन मिलता है। मुनि श्री राजपद्मसागरजीम.सा आज जे.पी.पी श्रमणी भवन में पूज्य गुरुदेव मुनि श्री राजपद्मसागरजी म.सा ने अहो जिन शासनम् के विषय में बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को कहा कि भगवान महावीर ने शासन स्थापना करके अनेक जीवो को तारने का काम किया है । और उसी परंपरा हमारे तक जिनशासन पहुंचाने का काम हमारे पूर्वाचार्यों ने किया है। अनेक महापुरुषो ने हमारे लिए जिन आगम, एवं जिन प्रतिमा की सुरक्षा एवं रक्षा के लिए आचार्य देव श्री यक्षदेवसूरिजी महाराजाने अपने 500 शिष्यों का बलिदान दे दिया। और गोवा के राजा कुमुद राजाने भी धर्म परिवर्तन नहि किया । और 25000 से भी ज्यादा लोग अपने जैनधर्म के लिए अपनी जान दे दी । ऐसे अनेक द्रष्टांतों के द्वारा श्रावक एवं श्राविकाओं को जिनशासन के लिए उसकी रक्षा के लिए अपना सर्वस्व लूटा दिया। ऐसे जिनशासन के लिए हम भी कुछ करे यही बातो को समझाया-पैसों से सब कुछ मिलता है पर पुण्य से ही जिन शासन मिलता है। और मुनि श्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि मनुष्य जन्म मिलना भाग्य की बात है पर मनुष्य भव मिलने के बाद अरिहंत परमात्मा के द्वारा शासन स्थापना एवं जिन शासन मिलना सौभाग्य की बात है। और 18 जुलाई से अपने श्री संघ में सतिकर महातप का शुभारंभ होने जा रहा है।

## वर्षो से फरार स्थाई वारंटी निमिष जैन उर्फ शेरा जैन को देवेंद्र नगर पुलिस ने ललितपुर से किया गिरफ्तार




**देवेंद्र नगर।** निवासी निमिष जैन उर्फ शेरा पिता नरेंद्र जैन बीते कई वर्षो से नगर की पुलिस के लिए पहेली बना हुआ था उसे आज नवागत थाना प्रभारी दाहिया के निर्देशन में एएसआई शक्ति प्रकाश पांडे कुशल नेतृत्व में शैलेद्र सिंह और जीतेंद्र अचाले द्वारा ललितपुर से गिरफ्तार कर सतना न्यायालय में पेश किया गया। आदतन अपराधी निमिष ऊर्फ शेरा जुआ और शराब की गंदी लत के चलते लगभग 10 वर्ष पहले नगर के कई लोगो से लाखों उधार लेकर फरार हो गया था जिसके एवज में उसके द्वारा कई लोगों को फर्जी चेक भी थमाए गए थे जिस पर लोगो द्वारा माननीय न्यायालय में केस किया गया जिसमे उसे आरोपी बनाते हुए कोर्ट द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था लेकिन लगातार पुलिस से आंख मिचौली खेलने में माहिर ये शातिर अपराधी लगभग 10 वर्षो से देवेंद्र नगर से गायब रहा,इसके परिजनों द्वारा 2014 में गुमशुदगी को रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई थी। नगर के लोगों को लाखो रुपए का चूना लगाने वाले इस शातिर अपराधी पर प्रशासन की नकेल कसते ही ललितपुर उत्तर प्रदेश में उसकी बहन के घर से दस्तयाब किया गया।

### अनसुलझे सवाल

1. परिजनों द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट के बावजूद निमिष का अपनी बहन के घर ललितपुर से दस्तयाब होना क्या परिजनों की मिली भगत की ओर इशारा नही करता।
2. पिछले लगभग 10 वर्ष से गायब निमिष ऊर्फ शेरा के लिए पिता और भाई मात्र आवेदन देकर यूं खामोश क्यों बैठे रहे।
3. क्या स्थाई वारंटी को अपने घर में पनाह देकर कोर्ट को गुमराह करने वाले आरोपी के बहन और जीजा पर होगी कार्यवाही।
4.क्या वर्षो तक शेरा की गुमशुदगी के परिजनों का हाथ है।

## अमर शहीद आजाद की जयंती पर आजाद का शंखनाद कार्यक्रम की तैयारी हेतु रखी गयी बैठक

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** रविवार 16 जुलाई को तुषारमॉल भरौली रोड भिण्ड पर आजाद अध्यापक संघ के द्वारा एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी 7 आजाद अध्यापक संघ के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष लहारिया जी ने बताया की भिण्ड शहर में पहली वार नारिशक्ति के रूप में आजाद अध्यापक संघ की प्रांत अध्यक्ष बहिन शिल्पी शिवान की गरिमामयी उपस्थिति 23 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे भिंड संस्कृति मैरिज गार्डन (एम.जे. एस. कॉलेज के पास ) हो रही है 7 इस कार्यक्रम में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई जाएगा इसके के बाद मध्यप्रदेश में कार्यरत समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वरिष्ठता के साथ पुरानी पेंशन की माँग सरकार से करेंगे। इस अवसर पर संतोष लहारिया, शैलेश त्रिपाठी,बदन सिंह बघेल संजीव कुशवाह, जीतू भदौरिया, रघुनंदन भदोरिया, राहुल मिश्रा, अमित खेमरिया वीरेंद्र बघेल, राजेश थापक, सुनील बघेल डी.के. त्रिपाठी वीरेंद्र सिंह बघेल, अजय बघेल मीना ओझा, गीता प्रजापति, दिनेश शर्मा, अनुराग सेंगर, विनोद बघेल,मेघनाथ बघेल, ब्रह्मानंद थापक, दीपचंद जैन,अखिलेश शर्मा दिपेन्द्र शर्मा, दिनेश शर्मा, अनुराग सागर, मनोज पाल, रिंकू उपाध्याय, सौरभ बघेल, मोहित दीक्षित, राहुल मिश्रा, अशोक चौहान वनवारी जादौन,राजेश शर्मा, धर्मेंद्र कुशवाह राज हंस, शशिकांत पांडे, मनोज शर्मा, राम ब्रजेश समाधिया, अमित भारद्वाज ,ओम चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## देश के अंदर दबा कुचला व्यक्ति किसी विशेष समुदाय के नहीं है बल्कि सभी समुदायों में दबे कुचले परिवार मिल जाएँगे

वर्तमान केंद्र सरकार इस विषय पर काम भी कर रही है लेकिन चाटुकारों की फ़ौज और पैसे के ललची लोग उन्हें पूरा होने नहीं दे रहे है समाजसेवी होने के नाते मैंने रोजगार से लेकर स्वरोजगार दिलवाने का भरपूर प्रयास किया और सफल भी हुआ तक़रीबन 250 बच्चों को 5000 से 12000 तक की प्राइवेट रोजगार दिलवाया इसके अलावा कुछ लोगो को स्वरोज़गार दिलवाने में भी मदद की अभी फरवरी 2023 में हमारी सोसाइटी की महिला ज़िला अध्यक्ष रानू शर्मा जो पिछले कई वर्षो से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई है उनको राजमा चावल का फूड स्टाल ओल्ड हाई कोर्ट पर लगवाया. कहने का मतलब यह है की आप किसी को धनवान नहीं बना सकते लेकिन यदि कोइ आपके साथ लंबे समय से जुड़ा है आपके लिये और पार्टी या संगठन के लिये वफादार है तो उसके लिए कौन सोचेगा। यही सबसे बड़ा सवाल है इसी को ध्यान में रखकर मैंने यह निर्णय लिया जब हम एक साधारण सोसाइटी या संगठन के माध्यम से लोगो को इतना लाभ



पहुँचा सकते हैं तो फिर राजनीति में सफल होने पर इनके लिये और भी बेहतर कर सकते है। अभी हम देश के अंदर दबे कुचले लोगो के संपर्क में है और उनकी पीड़ा को देखकर लगता है अभी हमको बहुत कुछ करना पड़ेगा तभी इस वर्ग की मदद की जा सकती है। बहुत लोगो के पास इतना पैसा है की बचाते फिर रहे है कही ई डी का छापा ना पड़ जाये लेकिन मजाल है किसी गरीब की मदद कर दें जबकि उनको इस मुक़ाम तक पहुँचाने वाली आम जनता है और उसको केवल चुनाव में याद किया जाता है और फिर 5 साल के लिए भूल जाना यही चक्र चल रहा है लेकिन अब इसका तोड़ जरूरी हो गया है इसलिए मन बना लिया कि जनता की सेवा यदि राजनीति तो अवश्य राजनीति से करूँगा लेकिन करूँगा अवश्य। हमारा एक ही लक्ष्य है फ्री की स्कीम से नहीं ,रोजगार और स्वरोजगार के माध्यम से जनता को समृद्ध बनाना ताकि उनका पुरूषार्थ भी जिंदा बना रहे।

## ग्वालियर भिंड हाईवे को लेकर हुई बैठक, 09 अगस्त को होगा विशाल धरना

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । ग्वालियर-भिंड हाईवे की मांग को लेकर सिटी पैलेस में मीटिंग हुई जिसमे सभी समाज सेवी जनों ने 09 अगस्त को गोल मार्किट भिंड पर विशाल अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय किया है,उससे पहले एक बार प्रशासन से समस्या निराकरण की अपील करेंगे। समाज सेवी सुनील फौजी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आज पीड़ित परिवारों के परिजन तथा समाज सेवी उपस्थिति थे,एडवोकेट सौम्या शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की भिंड से ग्वालियर के बीच कहीं भी रोड सिग्नल रिफलेक्टर निशान नहीं है, इंडियन वेटर्न आर्गनाइजेशन के संभागीय अध्यक्ष एस एस तोमर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा सभी भूतपूर्व सैनिक आपके साथ है,अपना एक मात्र बेटा खो चुके पूर्व सरपंच रामलखन दंडोतिया ने अपनी पीड़ा बयान की तो माहौल भावुक हो गया। बैठक में मुख्य रूप से शिव बहादुर भदौरिया,जयदीप,महेश शर्मा,नकुल गुर्जर,मोनू गुर्जर,प्रदीप पवैया,श्याम राजपूत,श्याम माथुर ,जल सिंह लोधी,राजीव दीक्षित,सुरेश सिंह,राजेशशर्मा,श्याम जाटव,हरेंद्र मौर्य सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे।

## ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन ट्रस्ट ने मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन ट्रस्ट ने संस्कृति गार्डन में मेधावी छात्र छात्राओं का प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहडोल कमिश्नर राजीव शर्मा (आईएएस ) ने सभी मेधावियों का सम्मान करते हुए बधाई दी,उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है इसलिए किसी भी समाज को उच्च स्तर पर पहुचाने के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना सुनिश्चित करें । पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि ब्राह्मण की अपनी पहचान होती है, उसे अपने आचार - विचार हमेशा अच्छे रखते हुए अन्य समाज का भी अच्छे से मार्गदर्शन करना चाहिए। मुख्य वक्ताओं में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव शर्मा,डॉ रमेश दुबे,डॉ राधेश्याम शर्मा, भगवानदास सैथिया, रामकिशोर भारद्वाज,हरिविलास शर्मा, पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया, सत्यनारायण शर्मा,श्रीमती उमा शर्मा,श्रीमती उमा राजोरिया,मनोज देपुरिया,विकास शर्मा आदि बतौर अथिति मौजूद रहे। मंच का संचालन प्रसिद्ध कवि सुनील त्रिपाठी निराला ने किया। 10 वी एवं 12 वी में 90 प्रतिशत वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संभागीय अध्यक्ष विक्रम उपाध्याय, सलाहकार सदस्य संतोष त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव बौहरे, प्रदेश प्रवक्ता मार्कण्डेय शर्मा, संभागीय प्रवक्ता आदित्य द्विवेदी , दीपक शर्मा पार्षद, रवि शर्मा, मोनू पाराशर, कुलदीप शर्मा, धीरेंद्र राजौरिया,अमन त्रिपाठी के अलावा संगठन के अन्य सदस्यों ने मिलकर किया। कार्यक्रम समापन के बाद उपस्थिति सभी लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

## भगवान राजेश्वर की 80 वीं पुण्यतिथि का महोत्सव धूम-धाम से मनाया



पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा

बेंगलुरू। भगवान राजेश्वर की 80वी पुण्यतिथि का महोत्सव पैलेस ग्राउंड बैंगलोर मे रविवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह राजेश्वर भगवान की आरती की गई। अध्यक्ष दुर्गाराम करड ने समाज के बंधुओ का स्वागत किया और सचिव भीमाराम ने मंच का संचालन किया। कोषाध्यक्ष मंगलाराम भाचरणा ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। राजस्थान से पधारे हुए मेहमान सांवलाराम, प्रतापराम आँजणा, नेमाराम हिंदू ने मंच से समाज को संबोधित कर उतम कृषि, श्रेष्ठ व्यापार और उच्च शिक्षा पर जोर देने की पैरवी की। राजस्थान भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ बैंगलोर के अध्यक्ष रमेश कोटडा ने राजनीति मे जागरूकता लाने की चर्चा की। पवित्र पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर संघ की तरफ से रक्त दान शिविर लगाया गया। समाज के बंधुओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विवेकानंद वोलंट्री ब्लड बैंक ने रक्त दान मे सहयोग किया और 237 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया। आँजणा पटेल समाज की महिलाओ ने भी बढ़चढ़कर रक्त दान किया। समाज के प्रोग्राम के भामाशाहो, राजस्थान से पधारे हुए मेहमानो एवं अतिथियो का समाज की तरफ से बहुमान किया गया। समाज के होनहार बच्चो को पुरस्कृत किया गया। राजेश्वर सेवा मंडल के कार्यकर्ताओ को समाज सेवा के लिए धन्यवाद देकर सम्मानित किया गया । महिलाओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गौशालाओ मे चारा और अनाथालय मे अन्न दान किया गया। रात्रि जागरण मे गायक ओमप्रकाश प्रजापति एंड पार्टी ने भक्ति के भजन गाए और और प्रसिद्ध डांसर नूतन गहलोत ने भक्ति गीतो पर जोरदार झूम झूम कर नृत्य प्रस्तुत किया। छगनाराम चौधरी फिल्म स्टूडियो भीनमाल ने, साउंड, कैमरा, भजन मंडली का इवेंट्स का काम संभाला। समाज के गणमान्य बंधु छोगालाल आकोदिया, नाथूराम पटेल, समरथाराम ओड, कलाराम सावीधर, लखमाराम बग, अशोक करड, लक्ष्मणराम चेंडा, डूंगराराम कोंदली, मांगीलाल मालवी, खीमाराम आईडी, गोमाराम कोंदला, महेश कोंदली, प्रेमराज बग, गणेशाराम सोलंकी, अचलाराम, टिकमाराम भौड, मूलाराम काग, भंवरलाल आकोदिया, पूनमराम फक, लीलाराम कोंदली, गोंगाराम काग, पीराराम ओड, छतराराम सहित अनेक गणमान्य बंधुओ ने सेवा मे भाग लिया।

## थाना ऊमरी में हुआ उप निरीक्षक विजय शिवहरे का विदाई समारोह

पंकज त्रिपाठी

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा अभी हाल में ही उप निरीक्षको का स्थानांतरण एक थाने से दूसरे थानों पर किया गया है । विगत 18 माह से ऊमरी थाने की चौकी अकोड़ा में विजय शिवहरे चौकी प्रभारी के रूप में पदस्थ थे जिनका स्थानांतरण गोहद थाने पर हुआ है। स्थानांतरण पर उमरी थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा तथा स्टाफ द्वारा उनको सम्मानित कर विदा किया गया जिसमे थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित हुए।

## पुलिस द्वारा नाईट कॉम्बिंग गश्त में अपराधियों/गुण्डे बदमाशों के विरूद्ध की गयी ताबड-तोड़ कार्यवाही

पंकज त्रिपाठी

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री (आईपीएस) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के नेतृत्व में भिण्ड जिले के सभी अनुविभगीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के बल के साथ दिनांक 15/16 - 07-2023 की दरम्यानी रात कॉम्बिंग गस्त का अभियान चलाया गया, जिसमें रात्रि के समय होने वाले अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों को पकड़ने, उन में भय पैदा करने एवं रात्रि के समय वाहनों द्वारा अवैध शराब, अवैध हथियार परिवहन अन्य अवैधानिक गतिविधियों को रोकने एव जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु राजपत्रित अधिकारी पुलिस - 04 एवं जिला पुलिस बल - 228 की 38 टीम बनाकर ताबड-तोड़ कार्यवाही की गयी। उक्त गश्त के दौरान की गई कार्यवाही निम्नानुसार है

**कार्यवाही का विवरण-**

**स्थाई वारंट तामील**-18 , गिरफ्तारी वारंट तामील-74 , गिरफ्तारी इनामी अपराधी- 01, अन्य अपराधों में गिरफ्तारी आरोपीयो कि संख्या-05 , गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी आरोपीयो कि संख्या-01 ,अवैध शराब - आरोपी 08 जप्त शराब 17.58 ली. , अवैध वैपन - 02 , हिस्ट्रीशीटर चेक किए गए 93 , गुण्डा चेक-111, एटीएम चेक - 72 , वाहन चेक - 240

उक्त कार्यवाही में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल के साथ उपस्थित होकर सराहनीय कार्यवाही की गई।

## भाजपा महिला मोर्चा के मोटा अनाज अभियान को अंतिम समाज तक महिला कार्यकर्ता पहुंचा कर जागरूक बनाएं: सरोज जोशी

### जिले के सभी मंडलों में मोटा अनाज की अभियान को गति प्रदान करने के लिए महिला मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

दतिया । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नरवरिया एवं



मोटा अनाज उत्सव कार्यक्रम की प्रभारी नंदिता पाठक जी के निर्देशानुसार महिला मोर्चा द्वारा मोटा अनाज अभियान को पूरे प्रदेश के संगठनात्मक जिलों में आयोजित किया जा रहा है इसी के तहत दतिया जिले के सभी मंडलों में अभियान को सर्वव्यापी बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमें महिला कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी के साथ इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दतिया जिले की प्रभारी सरोज जोशी ने कहा कि जिले के सभी मंडल के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों के अंतिम छोर तक की मातृशक्ति तक मोटे अनाज कार्यक्रम को समाज तक पहुंचाना है ताकि इससे कई फायदे होते हैं और महिला मोर्चा की कार्यकर्ता घर-घर जाकर अनाज का वितरण कर और उन्हें चौपाल पर बैठकर बताएं कि मोटा अनाज क्यों अति आवश्यक है। स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण मोटे अनाज की क्या विशेषताएं हैं यह उन्हें समझाइश देकर जागरूक बनाएं इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने इस अभियान को गति प्रदान की है आज शरीर में ऐसी जो कई बीमारियां होती हैं हमारा खान-पान सही नहीं हो पाता और विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इसकी कई विशेषताएं मोटे अनाज के लिए बताए हैं हम महिलाओं को भी जागरूक करें और अपने परिवार को मोटे अनाज से कई पकवान बनाकर खिला कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं को आत्मनिर्भर बनाएगी। बैठक की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एक किरण गुप्ता ने सभी मंडल अध्यक्षों को मोटे अनाज के अभियान को अमलीजामा पहनाने के लिए मंडल स्तर पर पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि हम अपने महिला पदाधिकारियों के साथ हर समाज के घर तक पहुंच कर इस अभियान को आगे बढ़ाने में अपनी अहम भूमिका निभाए और ताकि लोगों को बता सके कि मोटा अनाज सबसे ज्यादा उपयोगी क्यों है। उन्होंने कहा कि अभियान की शुरुआत प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा को मोटे अनाज की प्लेट मेट की गई है इस अभियान को मंडल स्तर के सभी ग्रामीण और शहरी अंचलों तक पहुंचा कर लोगों को जागरूक बनाएं।

## संगठन में शक्ति है: महंत हरिदास

पुष्पाजंली टुडे



**बेंगलुरू:** मागड़ी रोड स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में चातुर्मास विराजित संत महंत हरिदास ने अपने प्रवचन में कहा की ज्यादा काम करने से कोई ज्यादा महान नही होता है। विचारवाद मजबूत संकल्प से ज्यादा महान हुआ जाता है। उन्होंने कहा की विचारवाद अपनी जिंदगी में बहुत आगे तक ले जाता तो पक्के इरादे हो एक फिर उसके अनुरूप श्रम हो तो मंजिल दूर नही। यहाँ इरादों को पस्त कराने वाले-डराने वाले ज्यादा मिलेंगे, लेकिन मजबूति दिलानेवाले कम ही मिलेंगे। आगे उन्होंने बताया की मनुष्य को अपने गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा और सेवा का भाव आत्मज्ञान का मार्ग प्रशस्त करता। मनुष्य को अपने जीवन में सेवा भाव सर्वोपरि रखना चाहिए। आज के कार्यक्रम में आरती व प्रसाद के लाभार्थी किशोर चन्द सुठवाल रहे। रामदेव महिला मंडल ,पटेगरपाल्या महिला मंडल एवं सुगनचन्द चौहान, मुकेश साहु, राजेंद्र जांगिड़, हेमंत जांगिड़, वैभव जांगिड़ ने व्यवस्था में सहयोग दिया। आज के कार्यक्रम में पधारे पदाधिकारी गण एवं अतिथियों का सम्मान किया गया ।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर लखनऊ सुपर जायंट्स के हेड कोच बने

## 2021 में ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्डकप जिताया, बॉल-टेम्परिंग घटना के दौरान भी कोच थे

**नई दिल्ली।** आईपीएल फेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने एंडी फ्लावर की जगह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर और कोच जस्टिन लैंगर को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। इसके चलते अब गौतम गंभीर भी लखनऊ फेंचाइज छोड़ सकते है। केप टाउन में 2018 में ऑस्ट्रेलिया के प्लेयर्स द्वारा की गई बॉल टेम्परिंग घटना के दौरान लैंगर टीम के कोच थे।

एंडी फ्लावर के साथ 2 साल का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हुआ

लखनऊ सुपर जायंट्स ने कहा कि, लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कोच और बल्लेबाज जस्टिन लैंगर को अपनी टीम का हेड कोच नियुक्त किया है। एंडी फ्लावर के साथ दो साल का कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो रहा है। लखनऊ सुपर जायंट्स की पूरी टीम एंडी फ्लावर को धन्यवाद करती है।




### लैंगर की कोचिंग में तीन बार बिगबैश जीता पर्थ

2018 में जस्टिन लैंगर ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच बने थे। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एशेज सीरीज में 4-0 से हराया था। 2021 में लैंगर की लीडरशिप में ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार टी20 वर्ल्ड कप भी जीता। इसके अलावा लैंगर की लीडरशिप में पर्थ स्कॉर्चर्स ने तीन बार बिग बैश खिताब भी जीता।

### टीम में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं: लैंगर

*लखनऊ में हेड कोच के रूप में शामिल होने पर लैंगर ने कहा कि, लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल में इतिहास रचने के लिए तैयार है। इस सफर में हम सभी की बड़ी भूमिका है। फ्लावर के जाने के बाद, अब फेंचाइजी में गंभीर के भविष्य पर भी संदेह पैदा हो गया है गंभीर 2022 सीज़न में मेंटर के रूप में टीम से जुड़े थे।*

## रोहित शर्मा ने दिए दूसरे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में बदलाव के संकेत



*नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में धमाकेदार जीत दर्ज करने के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में बदलाव के संकेत दिए हैं। अगला मैच 20 जुलाई से क्वीस पार्क ओवल, पोर्ट ऑफ स्पेन, त्रिनिदाद में खेला जाना है। डॉमिनिका टेस्ट में भारत ने मेजबानों को पारी और 141 रनों के बड़े अंतर से धूल चटाते हुए सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है, अब रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड की नजरें विंडीज का सीरीज में सूपड़ा साफ करने पर होगा। रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा अच्छी शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है, यह एक फ्रेश साइकल है। हम पिच को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थे, हम यहां आकर रिजल्ट हासिल करना चाहते थे। अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण है, अब इस मोमेंटम को हम दूसरे टेस्ट में ले जाना चाहेंगे। कुछ नए लोग और ऐसे लोग हैं जिन्होंने ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए अब उन्हें मैदान पर उतारना ही बाकी है। रोहित शर्मा के इस बयान ने साफ कर दिया है कि अगले टेस्ट में कुछ नए खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। बात उन खिलाड़ियों की करें जो डॉमिनिका टेस्ट में बेंच पर बैठे थे तो उस सूची में अक्षर पटेल समेत मुकेश कुमार, केएस भरत, नवदीप सैनी और मुकेश कुमार का नाम शामिल है।*

# विम्बलडन के फाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

## सेमीफाइनल में इटली के जानिक सिनर को लगातार तीन सेट में हराया

लंदन। डिफेंडिंग चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 8वीं वरीयता प्राप्त जानिक सिनर को 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर विंबलडन के मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली। नोवाक जोकोविच नौवीं बार विंबलडन फाइनल में पहुंचे।

विंबलडन में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय 43 वर्षीय बोपन्ना सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में ओपन एरा के सबसे उम्रदराज ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनने से चूक गए। भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और एबडेन की इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को टॉप सीड वेस्ले कूलहोफ और नील स्कुपस्की की डच-ब्रिटिश जोड़ी ने 7-5, 6-4 से हराया।



दूसरी ओर विमेंस सिंगल्स के फाइनलिस्ट डिसाइड हो गए हैं। ट्यूनीशिया की ओन्स जेबुर ने एक सेट और 4-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेलारूस की आर्यना सबालेंका को हराया और लगातार दूसरी बार विंबलडन फाइनल में पहुंचे। चेक रिपब्लिक की मार्केटा वोंद्रोसोवा विंबलडन विमेंस फाइनल में पहुंचने वाली 60 साल में पहली गैरवरीय खिलाड़ी बन गईं, यानी वोंद्रोसोवा की कोई प्रोफेशनल रैंकिंग नहीं हैं।

### 8 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचे थे बोपन्ना

बोपन्ना अपने जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ टालोन ग्रिक्सपुर और स्टीवंस को 6-7 (6-3), 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने पिछली बार 2015 में टॉप-4 तक का सफर तय किया था। बोपन्ना 2010 में यूएस ओपन (रनरअप) सहित मेंस डबल्स कैटेगरी में चार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बना चुके हैं। बोपन्ना इस साल की शुरुआत में सानिया मिर्जा के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे और मेंस डबल्स में एबडेन के साथ दो एटीपी खिताब जीते थे। कुल मिलाकर, 2010 में यूएस ओपन के रनरअप बोपन्ना ने मेंस डबल्स में चार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# एशियाड के लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित

## मेंस टीम में आईपीएल स्टार्स को मौका, विमेंस टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी




मुंबई। एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम ने स्क्वॉड जारी कर दिया है। मेंस टीम में कई आईपीएल स्टार्स को मौका मिला है। ऋतुराज गायकवाड को कप्तानी सौपी गई। वही, विमेंस टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। एशियाड चीन के हांगझोऊ शहर में 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक होगा। 2014 के बाद फिर से एशियन गेम्स-2022 में क्रिकेट को शामिल किया गया है। गेम्स में मेंस और विमेंस के टी-20 मुकाबले होंगे।

### मेंस टीम में तिलक वर्मा और रिंकू सिंह को मौका

*एशियाड की मेंस टीम में रिंकू सिंह और तिलक वर्मा को भी मौका मिला है। इसके अलावा पंजाब किंग्स के खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा को बतौर विकेटकीपर शामिल किया गया। रिंकू सिंह को वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 टी-20 मैच की सीरीज में मौका नहीं मिला था, लेकिन अब एशियाड में रिंकू भारत के प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके अलावा फास्ट बॉलर्स बॉलिंग में आवेश खान, अर्शदीप सिंह, शिवम मावी और मुकेश कुमार स्क्वाड में शामिल है। वहीं, यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन स्टैंडबाय प्लेयर्स रहेंगे।*

# लक्ष्य सेन यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

## सिंधु क्वार्टर फाइनल में बाहर, चीन की गाओ ने 22-20, 21-13 से हराया

**नई दिल्ली।** भारत के लक्ष्य सेन स ओपन सुपर-300 बैडमिंटन चैम्पियनशिप में मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं, दो बार की ओलिम्पिक पदक विजेता भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को स ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य ने इससे पहले कनाडा ओपन में खिताब जीता था। सिंधु उस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार गई थीं।

### लक्ष्य ने हमवतन शंकर को हराया

क्वार्टर फाइनल में जीत के साथ लक्ष्य ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य सेन ने शनिवार को 38 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हमवतन शंकर मुथुसामी को सीधे गेम में 21-10, 21-17 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। लक्ष्य सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर 7 चीन के ली शी फेंग से भिड़ेंगे। लक्ष्य सेन लगातार दूसरी बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं, इससे पहले वो कनाडा ओपन 2023 में चैम्पियन बने थे। लक्ष्य कनाडा ओपन 2023 फाइनल में फेंग को हराकर विजेता बने थे। शनिवार सुबह को ही विमेंस सिंगल्स के भी क्वार्टर फाइनल खेले गए। कनाडा ओपन की सेमीफाइनलिस्ट सिंधु को चीन की गाओ फांगजिए के खिलाफ 49 मिनट तक चले मुकाबले में हार मिली। सिंधु को क्वार्टर फाइनल में चीन की गाओ सीधे गेम में 22-20, 21-13 से हराई।



# बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को हराया

## करीम जनत की शानदार हैट्रिक

**नई दिल्ली। करीम जनत की शानदार हैट्रिक के बावजूद अफगानिस्तान शुक्रवार को टी-20 के करीबी मुकाबले में बांग्लादेश से दो विकेट से हार गया। बांग्लादेश की जीत में तौहीद हिरदोय (47 नाबाद) और शमीम हुसैन (33) की जानदार पारियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुये सात विकेट पर 154 रन बनाये, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने एक गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 157 रन बना कर विजय लक्ष्य हासिल कर लिया।**

पारी के आखिरी ओवर में जीत के लिये मात्र दो रन जुटाने के लिये तैयार बांग्लादेश के पांव अफगानिस्तान के करीम जनत ने रोकने की भरपूर कोशिश की जब उन्होंने ओवर की दूसरी,तीसरी और चौथी गेंद पर लगातार तीन विकेट चटका कर मैदान में रोमांच पैदा कर दिया हालांकि तौहीद ने विजयी लक्ष्य को ओवर की पांचवी गेंद पर चौका लगा कर पा लिया। करीम जनत ने पुरुषों की टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 50वीं हैट्रिक ली। बांग्लादेश की जीत में तौहीद का योगदान अविस्मरणीय रहा। वे जब क्रीज पर आये, उस समय मेजबान टीम के मान्यता प्राप्त बल्लेबाजों के विकेट उखड़ चुके थे। विपरीत परस्थितियों में उन्होने संयम के साथ खेलते हुये टीम को जीत की ओर ले जाने का साहस दिखाया। अपनी विजयी पारी के दौरान उन्होने मात्र 32 गेंद खेलकर तीन चौके और दो छक्के लगाये। शमीम ने तेज गति से खेलते हुये 25 गेंदो की पारी में 44 मिनट विकेट पर टिक कर चार चौके जड़े।



# भारत ने तीसरे दिन जीता पहला टेस्ट

## वेस्टइंडीज को पारी और 141 रन से हराया, अश्विन ने चटकाए 12 विकेट, विदेश में बेस्ट परफॉर्मेंस

**डोमिनिका।** भारत ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट मैच में पारी और 141 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारत ने दो मैच की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 150 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन पर घोषित की। पहली पारी के आधार पर भारत ने 271 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया। दूसरी पारी में विंडीज टीम सिर्फ 130 रन पर ही सिमट गई।

यशस्वी जायसवाल के 171 रन और विराट कोहली के 76 रन की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन पर घोषित की। भारत के पास 271 रन की बढ़त हो गई है। भारत के लिए जायसवाल ने 387 गेंद में 171 रन बनाए, जबकि कोहली 182 गेंद में 76 रन बनाकर आउट हुए। रविंद्र जडेजा 37 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 150 रन बनाये थे।

विंडसर पार्क में भारत ने अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 312 रनों से आगे खेलना शुरू किया। पारी के 126वें ओवर में भारत को आज का पहला झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। पदार्पण टेस्ट में शतक जड़कर दोहरे शतक की ओर बढ रहे यशस्वी को अलजारी जोसेफ ने विकेट के पीछे आउट करवाया जबकि नये बल्लेबाज अंजिक्य रहाणे (6) के पांव केमार रोच ने पिच पर जमने से पहले ही उखाड दिये। छह रन के अंतर पर लगातार दो अहम विकेट झटकने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाडियों का मनोबल ऊंचा हुआ मगर अनुभवी विराट ने %सर% रवीन्द्र जडेजा (37 नाबाद) के साथ मिल कर भोजनवकाश तक का समय बगैर अतिरिक्त नुकसान के निकाल दिया।

लंच के बाद क्रीज पर पहुंचे विराट तेज खेलने के प्रयास में महज चार रन जोड़ कर अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हे रहकीम कॉर्नवाल ने स्लिप पर खड़े एलिक अथानाजे के हाथों कैच आउट कराया। विराट के आउट होने के करीब आधा घंटे बाद कप्तान रोहित शर्मा ने भारतीय पारी की समाप्ति की घोषणा कर दी। उस समय जडेजा के साथ नये बल्लेबाज इशान किशन एक रन बना कर क्रीज पर थे। इस समय भारत के पास 162 रनों की बढ़त है और ओपनर जायसवाल (143) और पूर्व कप्तान विराट कोहली (36) नाबाद हैं। भारत की टीम तीसरे दिन पहले दो सेशन खेलकर अगर पारी घोषित कर दे तो अच्छा रहेगा। भारत के पास उस समय तक करीब 300 रनों की बढ़त हो सकती है और ऐसे में वेस्टइंडीज को जल्दी से आउट करने पर विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि पिच में जान नहीं है और मैदान भी खराब है। आउटफील्ड में गेंद तेजी से ट्रेवल नहीं कर रही है।




### कोहली-जायसवाल की सेंचुरी पार्टनरशिप

भारतीय टीम ने मैच के दूसरे दिन गुरुवार को अपनी पहली पारी को 80 रन से आगे बढ़ाया। 30 रन के निजी स्कोर पर खेलने उतरे रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 73 रन जोड़े और टेस्ट करियर का 10वां शतक जमाया। टेस्ट में ओपनिंग करते हुए उनकी यह 7वीं सेंचुरी है। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उनके 44वां इंटरनेशनल शतक हो चुके हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और डेब्यू मैच खेल रहे यशस्वी जायसवाल के बीच 229 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। रोहित-जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का नया रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड संजय बांगर और वीरेंद्र सहवाग के नाम था। पहले दिन का खेल पूरी तरह से टीम इंडिया के नाम रहा। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी विंडीज टीम 150 रन पर ही ऑल आउट हो गई। भारत से रविचंद्रन अश्विन ने 5 विकेट लिए। वे 700 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने। डोमिनिका के विंडसर पार्क मैदान पर वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मेजबान टीम से डेब्यू कर रहे एलीक एथनाज ने सबसे ज्यादा रन बनाए। हालांकि, वे हाफ सेंचुरी नही बना सके, वह 47 रन बनाकर आउट हुए।

**नई दिल्ली।** भारत ने वेस्टइंडीज को डॉमिनिका टेस्ट में पारी और 141 रनों के बड़े अंतर से धूल चटाई। टीम इंडिया ने तीन दिन के अंदर इस मैच को खत्म कर दो मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इसी के साथ भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे संस्करण का आगाज भी जीत के साथ किया। भारत की इस जीत के हीरो यशस्वी जायसवाल और आर अश्विन रहे। यशस्वी ने जहां अपने डेब्यू मैच में 171 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं अश्विन ने दोनों पारियों में मिलकर 12 विकेट चटकाए। मैच के तीसरे दिन भारत ने मैच खत्म कर कुल 10 रिकॉर्ड्स बनाए जिसमें 7 रिकॉर्ड्स तो अश्विन के नाम रहे। आइए जानते हैं इसके बारे में-

- अश्विन के टेस्ट करियर में यह 8वां मौका रहा जब उन्होंने एक मैच में 10 या उससे अधिक विकेट चटकाई हो। इसी के साथ उन्होंने पूर्व दिग्गज स्पिनर अनिकल कुंबले की भी बराबरी कर ली है जिन्होंने अपने करियर में भी यह कारनामा 8 बार किया था। वहीं भज्जी 5 बार ऐसा कर तीसरे पायदान पर हैं।

### आर अश्विन ने रचा इतिहास



- आर अश्विन वेस्टइंडीज में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में 5 विकेट हॉल लेने वाले पहले भारतीय बने हैं।
- अश्विन का टेस्ट क्रिकेट में 34वां 5 विकेट हॉल है और वह सबसे अधिक बार ऐसा करने वाले टॉप-5 गेंदबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं। सबसे अधिक 5 विकेट हॉल लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड मुथैया मुरलीधरन (67) के नाम है।
- टेस्ट मैच में सबसे अधिक बार 12 या उससे अधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में अश्विन संयुक्त रूप से पहले पायदान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 6ठी बार अपने करियर में ऐसा कर श्रीलंका के लीजेंड गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन की बराबरी की।

# एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन भारत को 3 मेडल

## तजिंदरपाल सिंह तूर और पारुल चौधरी को गोल्ड, शैली सिंह दूसरे स्थान पर रहीं




**थाईलैंड।** थाईलैंड में चल रही 25वीं एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के तीसरे दिन शुक्रवार को भारतीय एथलीटों ने तीन मेडल जीते। तजिंदरपाल सिंह तूर और पारुल चौधरी ने गोल्ड मेडल जीता। जबकि शैली ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

### तजिंदरपाल सिंह ने शॉटपुट में जीता गोल्ड

भारत के लिए तीसरे दिन पहला गोल्ड मेंस के शॉटपुट में तजिंदरपाल सिंह तूर ने जीता। उन्होंने 20.23 मीटर थ्रो कर पहले स्थान पर रहे। इस इवेंट में ईरान के महेदी सबरी 19.98 मीटर थ्रो कर दूसरे और कजाकिस्तान के इवान इवानोव ने 19.87 मीटर थ्रो कर तीसरे स्थान पर रहे।

### पारुल चौधरी ने 3000 मीटर स्टीपल चेज में रहीं पहले स्थान पर

भारत के लिए दिन का दूसरा गोल्ड पारुल चौधरी ने 3000 मीटर स्टीपल चेज रेस में 9.38.76 सेकेंड में पूरी कर जीता। वहीं इसमें चीन की जू शुआंगशुआंग ने 9.44.54 सेकेंड के साथ सिल्वर और जापान की रिमी योशिमुरा ने 9.48.48 के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### शैली सिंह ने लॉन्ग जंप में जीता सिल्वर मेडल

शैली सिंह ने लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल जीता है। उन्होंने 6.54 मीटर जंप किया। वहीं जापान की शुमेरी हाटा ने 6.97 मीटर जंप कर पहले स्थान पर रहीं। वहीं चीन की जोंगे जेवेई 6.46 मीटर जंप कर तीसरे स्थान पर रहीं।

### भारत ने अब तक 5 गोल्ड सहित 9 मेडल जीते

*भारत अब तक 5 गोल्ड मेडल सहित 9 मेडल जीतकर टेबल टैली में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए तजिंदरपाल सिंह तूर और पारुल चौधरी के अलावा 100 मीटर हर्डल में ज्योति याराजी, 1500 मीटर में अजय कुमार सरोज और त्रिपल जंप में अब्दुल्ला अबुबकर ने गोल्ड जीता है। वहीं शैली सिंह ने सिल्वर मेडल जीता हैं। जबकि 400 मीटर दौड़ में ऐश्वर्या मिश्रा, तेजस्विन शंकर ने डेकथलॉन और अभिषेक पाल ने 10 हजार मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।*

# भाजपा सरकार ने महिलाओं को महंगाई की आग में झौंका: कमलनाथ

## 1100 का सिलेण्डर, कांग्रेस सरकार आने पर 500 रू. का और महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रू. मिलेंगे: कमलनाथ, भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं, अजा-अजजा वर्ग पर , अत्याचार के मामले में प्रदेश नंबर वन हो गया है: कमलनाथ, धर्म राजनैतिक विषय नहीं है लेकिन भाजपा धर्म, को राजनैतिक प्रचार का माध्यम बनाती है: कमलनाथ, महिला उत्पीड़न से मप्र की छवि धूमिल हुई: नेटा डिसूज़ा, नारी सम्मान योजना के नाम पर वोट मांगेंगे: विभा पटेल

भाजपा राज में आज महिलाएं, बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बड़ी है। अत्याचार के जो आंकड़े अखबारों में आते हैं वह किसी से छिपे नहीं हैं, 18 साल से प्रदेश में भाजपा की सरकार है, प्रदेश को किस और घसीटा जा रहा है। प्रदश की तस्वीर आप सबके सामने हैं। भाजपा सरकार ने महिलाओं को महंगाई की आग में झौंक दिया है। घर-परिवार चलाने में महिलाएं काफी समस्याओ से जूझ रहीं हैं। महिलाएं अपने बच्चों को बड़े प्यार से पाल-पोस कर बड़ा करती हैं, पड़ाती लिखाती है, लेकिन आज वे बेरोजगार घूम रहे हैं। यहां कोई कमीशन नहीं मिलता, कोई ठेका नहीं मिलता, आप सभी को कांग्रेस की निष्ठा और विश्वास यहां खीचकर लाया है। धर्म राजनीतिक प्रचार का माध्यम नहीं है लेकिन भारतीय जनता पार्टी उसे राजनीतिक प्रचार का विषय बनती है, क्योंकि वह ध्यान मोड़ने का काम करती है। हमें कोई धर्म का पाठ नहीं पड़ा सकता। जब हम मंदिर जाते हैं धार्मिक कार्यक्रम करते हैं उनके पेट में दर्द होता हैड़ क्या भाजपा ने ठेका लिया है धर्म का। कांग्रेस सरकार में महिला सुरक्षा पहली प्राथमिकता होगी। कांग्रेस सरकार आने पर आपको महंगाई से राहत मिलेगी, 1100 में मिलने वाला गैस सिलेण्डर 500 रूपये में मिलेगा और हर




महिला के खाते में 1500 रूपये खाले जायेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज मप्र महिला कांग्रेस पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और ब्लाक अध्यक्षों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये यह बातें कहीं। कमलनाथ ने कहा कि आज शिवराज सिंह को बहनें याद आ रही है, कर्मचारी याद आ रहे हैं, किसान याद आ रहे हैं, क्योंकि चुनाव आ रहे हैं। सीधी की घटना ने तो प्रदेश को शर्मसार ही कर दिया। शिवराज सरकार महिला विरोधी सरकार है। कांग्रेस ने नारी सम्मान योजना शुरू की, भाजपा नेताओं महिलाओं पर दबाव बना रहे हैं कि जो नारी सम्मान का फार्म भरेगा उसे 1000 रू. नहीं मिलेंगे, अब आप सभी महिलाओं को उनसे कहना है कि नारी सम्मान का फार्म नहीं भरेंगे तो पांच महीने बाद ये 1000 रू. भी नहीं मिलेंगे। अब आप निष्ठा से आप अपने क्षेत्र में काम करें, अपनी रणनीति बनाना है, क्योंकि राजनीति में बहुत परिवर्तन हुआ है राजनीति बहुत स्थानीय हो गई है कमलनाथ ने कहा कि आज प्रदेश की तस्वीर सबके सामने है, हर वर्ग परेशान है। हमारा बेरोजगार नौजवान, छोटा व्यापारी, हमारा किसान भटक रहा है और प्रदेश की यह तस्वीर आम जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास बचा क्या है, पुलिस, पैसा और प्रशासन। आज का मतदाता सम्मान चाहता है। आज सबसे बड़ी चुनौती हमारे नौजवानों के भविष्य की है, आज का नौजवान भटक रहा है अगर इनका ही भविष्य अंधेरे में रहा तो कैसा निर्माण होगा मध्य प्रदेश में। प्रदेश में जब निवेश आता है, जब आर्थिक गतिविधि बनती है, कोई गाड़ी चला लेता है, कोई ढाबा खोल देता है, तब कही जाकर विकास होता है। बड़े-बड़े उद्योगपतियों से बात करता था, कोई निवेश करने को तैयार नहीं होते, क्योंकि उनको मप्र पर विश्वास नहीं है।

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने कहा कि महिला अत्याचारों की घटनाओं से मध्य प्रदेश की छवि को क्षति पहुंची है। ये शर्मनाक है। कांग्रेस वचन पत्र से प्रत्येक महिला को जोड़ा जायेगा, जनता के बीच शिवराज सरकार के घोटाले रखेंगे। नेटा डिसूजा ने कहा कि महिलाओं की हुंकार के आगे शिवराज सिंह सरकार नवंबर में टिक नहीं पाएगी। उन्हें मध्यप्रदेश की महिलाओं पर पूरा भरोसा है। ये महिलाएं प्रदेश का भविष्य सुरक्षित रखेगी। मप्र महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि भ्रष्टाचार, बेलगाम मंहगाई, बेरोजगारी और महिलाओं अपराध से हमारे प्रदेश की लाड़ली बहनें क्षुब्ध और दुखी, हताश और निराश है। तमाम लाड़ली बहनों ने तय कर लिया है कि वे भाजपा के बहकावे में न आकर आदरणीय कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाएगी। शिवराज सरकार के राज मध्यप्रदेश महिला अत्याचार, बलात्कार के मामलों में देश में निरंतर शीर्ष स्थान पर है। प्रदेश में महिला सुरक्षा की स्थिति बदतर है। महिला से गैंग रेप के मामले शर्मसार करने वाले है। प्रदेश में अनुसूचित जाति और जनजाति के साथ ही महिला उत्पीड़न के मामले लगातार बड़े हैं। माफिया और अपराधी बेखौफ हैं। कानून का राज कायम करने में शिवराज सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है अभा महिला कांग्रेस की महासचिव ओनिका मेहरोत्रा और सचिव जसलीन सेठी ने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि प्रदेश में बेलगाम महंगाई ने महिलाओं के घर का बजट बिगाड़ दिया है। टमाटर 160 रुपए किलो से ऊपर में बिक रहा है। हरी सब्जियों के दाम सुर्ख है। सिर्फ इतना ही नहीं, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेजी से हुई वृद्धि ने निम्न और मध्यम वर्ग का जीना मुहाल कर दिया है। बैठक के दौरान राहुल जी हम आपके साथ है कैलेण्डर एक बुकलेट का विमोचन किया गया। बैठक में अभा महिला कांग्रेस की महासचिव प्रतिभा रघुवंशी, मोर्चा संगठनों की प्रभारी शोभा ओझा, महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष नूरी खान,कविता पांडे, डॉ. रश्मि पंवार, जमना मरावी, यास्मिन शेरानी, शीला त्यागी, राजलक्ष्मी नायक, शहना हसन, फरजाना खान, लता देवरे, नूरजहां साजिद सहित मप्र महिला कांग्रेस पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और ब्लाक अध्यक्ष समीक्षा बैठक में उपस्थित थी।




## अभिनेत्री तनुश्री दत्ता से सम्मानित हुई ब्यूटीशियन अंशू सोनी

गिरजा शंकर अग्रवाल की रिपोर्ट



**कोंच (जालौन)** सूबे की राजधानी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बॉलीबुड अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने कोंच की सुप्रसिद्ध ब्यूटीशियन अंशू सोनी को सम्मानित किया। ब्यूटीशियन अंशू सोनी ने फिर एक बार पुनः कोंच का मान बड़ाया है।उन्होंने हमारे संवाददाता गिरजा शंकर अग्रवाल को बताया कि बीती शाम लखनऊ के होटल द लिल्ली विल्स में आर जी फिल्म प्रोडक्शन के द्वारा आयोजित हुये इंडियन गैलमर्स फेस्टिवल आई जी एफ अवार्ड मे 2023 का सेहरा भी अपने सिर बांधा । काया ब्यूटी पार्लर की संचालिका ब्यूटीशियन अंशू सोनी को इंडियन गैलमर्स फेस्टिवल आई जी एफ अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। काया ब्यूटी पार्लर की संचालिका अंशू सोनी को लखनऊ जयपुर सहित विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है।

## मध्य प्रदेश में स्थित चौथा स्फटिक शिवलिंग श्री त्रिलोचनेश्वर महादेव जड़वासा श्रावण मास के प्रथम सोमवार में महाआरती

सबलगढ़ टाइम्स मंगल देव राठौर मंदसौर



गांव जड़वासा में पंचमुखी बालाजी मंदिर पर विराजमान मध्य प्रदेश में स्थित चौथा स्फटिक शिवलिंग श्री त्रिलोचन महादेव का श्रावण मास के प्रथम सोमवार में शिवलिंग का फूलों से श्रृंगार एवमं भोलेनाथ शिवलिंग को साफा पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ शाम की 7―30 बजे महा आरती की गई आज प्रथम 10 जुलाई सोमवार में आरती में भाग लिया हीरा लाल प्रजापत वह उनका सपरिवार एवं समस्त ग्राम वासियों मैं भोले बाबा के दरबार में ढोल धमाकों से नाचते गाते हुए गांव की महिलाओं ने भजन कीर्तन किए एवं त्रिलोचन महादेव भगवान की महाआरती कर प्रसाद वितरण की गई बाबा भोलेनाथ मंदिर के पुजारी रमेश गोस्वामी ने बताया सावन के इस बार आठ सोमवार रहेगें सावन माह में हर सोमवार को ऐसे ही भोलेनाथ को फूलों से सिंगार कर सजाया जाएगा अभी श्रावण माह में प्रतिदिन महिला एवं पुरुष भोलेनाथ मंदिर पर त्रिलोचन शिवलिंग पर बिलपत्र व जल चढ़ाने आते हैं एवं भोलेनाथ के दर्शन कर भजन कीर्तन करते हैं।

## हम सबको मिलकर हर साल एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए: शिव शंकर अग्रवाल



लायंस क्लब ग्वालियर आस्था द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन शिव शंकर अग्रवाल उपस्थित रहे अध्यक्ष लायन रश्मि अग्रवाल दुवार वृक्षारोपण का कार्यक्रम मनोरंजन पार्क हजीरा पर किया गया जिसमें 51 पेड़ लगाए गए जिसमें लाल गुडेल पीली कनेर चांदनी सीताफल मोरपंखी आधी तरह के पौधे लगाए गए सचिव वंदना अग्रवाल कोषाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल उपाध्यक्ष वंदना जाजू सुमन गोयल सुनीता गुप्ता रिंकी अग्रवाल सरोज अग्रवाल क्लब के साथी सदस्य उपस्थित रहे।

## अमायन अड़ोखर चौराहे पर श्री महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की जाए : राजकुमार सिकरवार (राजा भैया)



इस विषय पर लोगों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों से सवाल किया जाता है तो कहा जाता है कि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जगह नहीं मिल रही है जबकि जगह का अभाव नहीं है जगह न मिलने का तो बहाना बनाना है। सच तो यह है कि क्षत्रिय समाज को बेवकूफ बनाना है अमायन अड़ोखर चौराहे पर प्रतिमा स्थापित करवाये जाने के लिए क्षत्रिय समाज के राजकुमार सिंह सिकरवार सहित सैकड़ों युवाओं ने भारी बहुमत से मांग करते हुए अपना सुझाव दिया है यह जगह महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त भी है अजय सिंह चौहान, धर्मवीर राजावत, प्रमोद सिंह, धर्म सिंह कुशवाह, विजय पंडित, प्रबल प्रताप पवैया, मोनू अंगदेला, अंकित देवड़ा, राहुल जैन, गोलू गोयल, अनुज बघेल, सलमान खान, छोटू सोलंकी, सत्यवीर परमार, राजवीर परमार, कलयान कुशवाहा सहित सैकड़ों की तादात में युवा साथी उपस्थित रहे।



इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण की रक्षा में अपना सहयोग प्रदान करते हुए एक वृक्ष लगाने एवं उसकी रक्षा करने का प्रण अवश्य लें इस कार्यक्रम में अरुण पहाड़ि़या अशोक रावत एवं श्रीनिवास रावत पंडित चतुर्भुज चौधरी हुकुम सिंह रावत राम कृष्ण रावत (पप्पू) आकाश परिहार सुरेंद्र नगरिया पंडित गजेंद्र शास्त्री ओम प्रकाश रावत ने अपना सहयोग दिया।

# सुशासन में लाड़ली बहना सेना की होगी अहम् भूमिका: मंत्री भूपेन्द्र सिंह

## लाड़ली बहनों के खाते में आई दूसरी किश्त, विकास कार्यों का भूमिपूजन






**सुनील रायकवार खोजी**
**सबलगढ़ टाइम्स सागर**

बांदरी। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार हर वार्ड में लाडली बहनों की 21 सदस्यीय लाडली बहना सेना बनाएगी। लाडली बहना सेना की नियुक्ति कलेक्टर के आदेश से होगी जिसे अपने क्षेत्र की कानून व्यवस्था, विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में प्रशासन के साथ काम करने का अधिकार दिया जाएगा। यह जानकारी नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा लाडली बहनों के लिए दूसरी किश्त अंतरण के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने जुटी सैकड़ों लाडली बहनों को संबोधित करते हुए दी। मंत्री सिंह ने इस अवसर पर 7 करोड़ के सीसी रोडों तथा 1 करोड़ की लागत से प्रस्तावित साहू, रैंकवार, बंसल व मुस्लिम समाजों के चार सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया।

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लाडली बहना सेना को वार्ड में अवैध शराब विक्रय पर निगरानी रखने व शिकायत करके कार्यवाही कराने, बिजली पानी सड़क जैसी सुविधाओं और विकास कार्यों की देखरेख के अधिकार सौंपे जाएंगे। मंत्री सिंह ने कहा कि गांवों में अवैध शराब का विक्रय रोकने के लिए समाज आगे आए। उन्होंने बताया कि बांदरी के सेवन गांव तथा मालथौन के ढड़ली गांव में लोगों ने पंचायत बुला कर शराब बेचने वालों को समाज व गांव से बाहर करने का निर्णय लिया है। शराब के विरुद्ध इस तरह के पंचायती निर्णयों का मंत्री सिंह ने स्वागत किया। मंत्री सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में 60 हजार लाडली बहना बनी हैं। यह बड़ी संख्या है। इनके खातों में डल रहा एक हजार रुपए महीना इन बहनों को आर्थिक ताकत देगा। इस राशि को बड़ा कर 3 हजार किया जाएगा। मंत्री सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि हर महिला की आमदनी को 10 हजार रुपए महीना होना चाहिए। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है। लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना, महिला स्व-सहायता समूह का आर्थिक सशक्तिकरण,गांव की बेटी, पेंशन जैसी योजनाओं ने हमारी बेटियों, बहनों और माताओं को आर्थिक मजबूती दी है और आत्मनिर्भरता दी है। मंत्री सिंह ने बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में 50हजार पीएम आवास स्वीकृत हुए हैं जिनमें से बांदरी नगर परिषद में ही 4850 मकान स्वीकृत हुए हैं। ये मकान हमारी बहनों को सुविधा, स्वाभिमान और सुरक्षा प्रदान करते हैं। महिलाओं को शिक्षा और पुलिस जैसे बड़े विभागों की नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण और निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण देश की आधी आबादी महिला वर्ग के सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा के संकल्प दर्शाते हैं। मंत्री सिंह ने कहा कि कमलनाथ के शासनकाल के 15 महीने बांदरी के विकास के लिए अभिशाप की तरह आए। मैंने बांदरी को नगर परिषद बना दिया था कांग्रेस के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने निर्णय को उलट कर बांदरी को वापस ग्राम पंचायत बना दिया था। किसानों को कर्जामाफी का धोखा देकर बनी कमलनाथ सरकार ने गरीब कल्याण की सारी योजनाएं बंद कर दी थीं। बीना नदी परियोजना, उल्दन बांध परियोजना, पीएम आवास, लाडली लक्ष्मी, संबल योजना जैसी सभी योजनाएं कांग्रेस ने बंद कर दी थीं। हमारी अपनी भाजपा की सरकार आई तब ये सभी योजनाएं वापस लौटीं। बांदरी नगर परिषद बनी। यदि कमलनाथ सरकार न आती तो हर घर नल से पानी की योजना अब तक पूरी हो चुकी होती। मंत्री सिंह ने कहा कि अब चुनाव में कांग्रेसी वोट मांगने आएं तो उनसे इन सब मुद्दों पर हिसाब मांगिए। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बांदरी नगर परिषद द्वारा नवनिर्मित शापिंग कांप्लेक्स में शमालती बाई लोधी, संगीता राजेंद्र जैन व लखन सेन को आवंटित दूकानों के आवंटन पत्र व चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के हितग्राही बच्चों को अधिकार पत्र सौंपे। मंत्री सिंह ने लाडली बहना सम्मेलन के मंच पर सभी की समस्याएं सुनीं और उनकी मांग पूरी करने आवश्यक निर्देश दिए। मंत्री सिंह ने थाना परिसर के श्री देव हनुमान जी मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भी स्वीकृत किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह दद्दा, मण्डल अध्यक्ष पप्पू मुकद्दम, नगर परिषद अध्यक्ष सुधा विश्वनाथ सिंह, रोशन सिंह लम्बरदार, चंद्रिका प्रसाद पाराशर, महेश पाराशर, बंटी पिठोरिया, सुरेन्द्र सिंह, सनत साहू, डी.आर. रोहित, रामकिशन अहिरवार, लक्ष्मी लोधी महिला मोर्चा अध्यक्ष, शारदा लोधी, अभय सिंह, प्यारेलाल आदिवासी, देशराज सिंह नेतना, आजाद यादव, कुलदीप राय, राजेश राय, प्रदीप दुबे, दिलीप सिंह, राजेन्द्र जैन, मुकेश जैन, राजेन्द्र बड़े घर वाले, लक्ष्मीकांत मुड़ोतिया सहित भाजपा के वरिष्ठनेता, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित थीं।



# हिंदवी स्वराज्य से शिवाजी महाराज ने कराया था स्व का बोध

**350वां वर्ष हिंदवी स्वराज्य समारोह समिति ग्वालियर की बैठक आयोजित**

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। 350वां वर्ष हिंदवी स्वराज्य समारोह समिति ग्वालियर की बैठक गत दिवस कस्तूरबा गांधी विश्रांति भवन में आयोजित की गई। जिसमें हिंदवी स्वराज्य के 350 वें स्थापना वर्ष मनाने को लेकर मंथन किया गया। ग्राम विकास गतिविधि मध्यभारत प्रांत संयोजक ब्रजकिशोर भार्गव के सानिध्य में आयोजित बैठक में तय किया गया कि छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य के समय किए गए सभी प्रशासनिक, न्यायिक, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक, व्यापारिक और धार्मिक कार्यों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताकर जन जागरण किया जाएगा। श्री भार्गव के मार्गदर्शन में ही वर्ष भर आयोजन होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग संघचालक विजय गुप्ता एवं हिंदवी स्वराज्य समारोह समिति की मध्यभारत प्रांत की सदस्य श्रीमती अनीता करकरे भी मंचासीन रहीं। श्री भार्गव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्व के आधार पर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की थी। उन्होंने देशवाशियों का स्वाभिमान जाग्रत किया। साथ ही देश में सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया। आभार समिति के सचिव संजीव गोयल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर 350 वां वर्ष हिंदवी स्वराज्य समारोह समिति मध्यभारत प्रांत की कार्यकारिणी में ग्वालियर से शामिल सह सचिव श्याम प्रजापति, सदस्य डॉ.राजेन्द्र गुर्जर, अतुल तारे, श्रीमती अनीता करकरे, वीरेन्द्र पाल का परिचय कराया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के सह बौद्धिक प्रमुख विजय दीक्षित, ग्वालियर विभाग कार्यवाह देवेन्द्र गुर्जर, सह विभाग कार्यवाह नवनीत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**जिला समिति में ये हैं शामिल**

अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके पालीवाल, उपाध्यक्ष कर्नल श्रीमन नारायण शर्मा, सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरुण सिंह तोमर, उद्योगपति श्रीमती शेफाली कौशिक, सचिव संजीव गोयल,सह सचिव सत्येंद्र दुबे के अलावा 17 सदस्य शामिल किए गए हैं। इनमें पूर्व न्यायाधीश संजय चतुर्वेदी, डॉ. केएल राजौरिया,डॉ. रूपा आनंद, सेवानिवृत्त सूबेदार सुखेंद्र सिंह चौहान, पंकज नाफड़े,अविनाश करपे,रविंद्र जगताप, नितिन बालंबे, बसंत गोड्याले, अभिभाषक अरुण शर्मा,कौशलेंद्र तोमर, यशवर्धन भट्ट, श्रीमती अर्चना सिकरवार, आर्यमन अत्रि, धर्म अग्रवाल, प्रवीण भारद्वाज, डॉ. पवन पाठक को सम्मिलित किया गया है।

# पुलिस ने अवैध गांजा तश्कर को किया सलाखों के पीछे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे द्वारा भिण्ड जिले के समस्त थानों को दिनांक 15/ 07/23 को कॉम्बिंग गश्त करने का आदेश प्राप्त हुआ। जिसमें स्थायी वारंटी, ईनामी फरार बदमाश, अवैध आर्म्स, अवैध गांजा एवं शराब के कारोबारियों के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने का निर्देश प्राप्त हुआ। उक्त आदेश के पालन में एसडीओपी मेहगांव आर. के. एस. राठौर द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त आदेश के पालन में कॉम्बिंग गश्त के दौरान अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। जिस पर से मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए लाल रंग की मोटर सायकिल से मेहगांव तरफ से गोरमी आ रहा है। उक्त सूचना की तश्दीक हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु थाना गोरमी टीम द्वारा प्रतापपुरा मोड पर चैकिंग लगायी गयी दौराने चैकिंग मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये का एक व्यक्ति अपनी लाल रंग की अपाचे मोटर सायकिल से आया जिसे रोककर तलाशी ली गयी तो उक्त व्यक्ति पर से दो किलो गांजा मिला। उक्त गांजे के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की गयी एवं आरोपी से 2 किलो गांजा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया बाद अप0क0 196 / 23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया। जप्त माल ~ दो किलो गांजा,एक लाल रंग अपाचे मोटर सायकिल ।

**कुल कीमती** – 60,000 / रूपये । उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक बनबारीलाल,दीपक सिंह तोमर,प्रधान आरक्षक कौशलेन्द्र सिंह, मनीष राजावत,आरक्षक पंकज शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

# सीएम हैल्पलाइन के प्रति लापरवाही पड़ी भारी, 19 अधिकारियों को चेतावनी और दो को मिले नोटिस

सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के प्रति बरती जा रही लापरवाही 21 अधिकारियों को भारी प?ी है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने इनमें से 19 अधिकारियों को लिखित में पत्र जारी कर चेतावनी देकर अप्रसन्नता जाहिर की है। साथ ही दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। जिन अधिकारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। उनके द्वारा एल-1 स्तर पर शिकायतों को अटेण्ड नहीं किया गया, जिससे शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक देरी हुई है। कलेक्ट्रेट की लोक सेवा प्रबंधन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं उनमें प्रभारी सहायक यंत्री नगरीय विकास एवं आवास संदीप श्रीवास्तव व हेमंत शर्मा, तहसीलदार सुरेश यादव, संपदा अधिकारी जीडीए उमेशचंद कौरव, जोनल ऑफीसर नगर निगम अनिल श्रीवास्तव, भवन अधिकारी नगर निगम वीरेन्द्र शाक्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम अशोक खरे, कार्यपालन यंत्री पर्यावरण आर के रोहितास, संपदा अधिकारी नगरीय विकास एवं आवास कौशलेन्द्र चतुर्वेदी, जोनल ऑफीसर नगर निगम रवि गोडिया, तहसीलदार रामप्रसाद बरेलिया, उप प्रबंधक ऊर्जा एम सी गुप्ता, असिस्टेंट रजिस्ट्रार उद्योग एम जे कुरेशी, सहायक प्रबंधक ऊर्जा डबरा एस के शुक्ला, संपदा अधिकारी साडा नवल सिंह राजपूत, सीडीपीओ डबरा श्रीमती बबीता धाकड़, प्राचार्य पॉलीटेक्निक शशि विकसित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप भदौरिया एवं एपीटीओ नगरीय निकाय शैलेन्द्र चौहान शामिल हैं। इनके अलावा विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डबरा डॉ. विजय पाठक और विकासखंड चिकित्सा अधिकारी भितरवार डॉ. अशोक खरे को शिकायत अटेण्ड न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

# मूलभूत सुविधाओं के साथ जीवन स्तर में सुधार लाने का काम सरकार कर रही है: भारत सिंह

**ग्वालियर।** सरकार ने दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित मजरे-टोलों और छोटे-छोटे गाँवों को भी मिशन मोड पर मुख्य सड़कों से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार द्वारा जन-जन को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने का काम प्रमुखता से किया जा रहा है। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। कुशवाह विकास पर्व के तहत ग्वालियर शहर के वार्ड-63 के अंतर्गत ग्राम मऊ और मुरार जनपद पंचायत के ग्राम बंजारों का पुरा उटीला में बहुप्रतीक्षित सड़कों का भूमिपूजन करने पहुँचे थे।



राज्य मंत्री कुशवाह ने विकास पर्व के तहत रविवार को ग्राम बंजारों का पुरा (उटीला) में लगभग एक करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से बनने जा रही डाम्बरीकृत स?क का भूमिपूजन किया। इससे पहले उन्होंने शहर के वार्ड-63 के अंतर्गत मऊ में 63 लाख 60 हजार रूपए की लागत से मूर्तरूप लेने जा रही सीमेंट कंक्रीटयुक्त सड़क की आधारशिला रखी। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय बस्तियों के निवासी मौजूद थे। सड़कों के भूमिपूजन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बड़ी-बड़ी सड़कों का जाल बिछाया गया है। हमारा संकल्प है कि क्षेत्र का कोई भी गाँव मुख्य सड़क से जुड़े बिना नहीं रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उटीला के समीप स्थित भदावना धाम को क्षेत्रीय निवासियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। इससे पवित्र भदावना धाम में श्रद्धालुओं को अच्छी सुविधायें मिलेंगीं। साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

# हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की 'इंगित कथा गोष्ठी' हुई सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**



**ग्वालियर।** मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर की चिरपरिचित मासिक इंगित कथागोष्ठी गत दिवस साहित्य सभा भवन, दौलतगंज ग्वालियर में सुप्रसिद्ध कवि एवं सभा के पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर वाजपेई अभय की अध्यक्षता एवं कवियत्री एवं कथाकार संगीता गुप्ता के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुई। इस गोष्ठी में साहित्य सभा के ÷प्रचार प्रसार मंत्री ÷एवं प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी , मध्य भारतीय प्रांत अखिल भारतीय साहित्य परिषद, रामचरण चिराड़ रुचिर व राष्ट्रीय चिंतक तथा इतिहासकार विवेक जोशी एवं वरिष्ठ साहित्यकार रमेश निर्झर की गरिमामई उपस्थिति रही। कथा गोष्ठी के प्रारंभ में अतिथियों के द्वारा वीणा पाणी , ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन किया गया , गायक कवि अशोक सिरढोणकर ने संगीतमय सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस कथा गोष्ठी में सर्वश्री राजकिशोर वाजपेई ने कवाड़ी कौन, संगीता गुप्ता,ने नरसिहनी, रामचरण चिराड़ रुचिर ने संस्कार, विवेक जोशी ने तीन बिल्लियां , दिलीप मिश्रा ÷कथा गोष्ठी संयोजक ने ÷पागलखाना, रामलाल साहू,ने संवेदनशील पत्र ,व्यंकटेश बाकड़े ने,बेला चाची, अशोक सिरढोणकर ने पप्पू की शादी, डॉ.कमलाशंकर मिश्रा ने आग जलने दे बच्चा नामक कथाओं का पाठ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री राज किशोर बाजपेई द्वारा कहा गया कथा लेखन का भाव काव्य शैली से अधिक प्रभावी, बिम्बात्मक, संवेदनशील एवं हृदयस्पर्शी होता है। कथागोष्ठी का गरिमापूर्ण संचालन सभा के पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा एवं डॉ. कमला शंकर मिश्रा ने किया तथा आभार सभा के सह मंत्री उपेन्द्र कस्तूरे ने व्यक्त कर गोष्ठी के समापन की उद्घोषणा की। कथा गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार श्री रमेश निर्झर, राकेश पाण्डेय, दीपक कौल आदि सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे ।

# विधायक डॉ. सिकरवार ने किया वार्ड 22 में सड़क निर्माण के लिये भूमिपूजन

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 22 के सत्यदेव नगर में लगभग 45 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सी.सी. सड़क निर्माण के लिये विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने भूमिपूजन किया। वर्षों से क्षेत्र की जनता इस स?क निर्माण की मांग करती आ रही है, स?क बनने से अब राहगीरो को परेशानी से निजात मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद विधायक डॉ. सिकरवार ने क्षेत्र का भ्रमण किया, जनता की समस्याओं को सुना और तुरन्त संबधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का निराकरण कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास और प्रगति को गति दी जा रही है, हमारा प्रयास है कि स?क, सीवर, स्ट्रीट लाईट, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधायें आम आदमी को मिले, इसके लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। डॉ. सिकरवार ने कहा कि स?क के निर्माण से क्षेत्र की जनता को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा और कई परेशानियां दूर होगीं। उन्होंने कहा कि हम काम करने में विश्वास रखते हैं, झूठी वाही-वाही तो लूटने का काम भाजपा करती है। उन्होंने क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि हम आप सब की भावनाओं के अनुरूप ही विकास कार्यों को गति देते रहेगें। इस मौके पर क्षेत्र की जनता ने विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमसिंह बाबूजी, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, क्षेत्रीय पार्षद प्रमोद खरे, सत्यभान सिंह चौहान, निहाल सिंह, उपेन्द्र शर्मा, योगेश पाठक, योगेश शिवहरे, कुंती सगर, संध्या शर्मा, शिल्पा आदि मौजूद रहे।



# पैर छूकर विधायक डॉ. सिकरवार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बांटे पीले चावल



**ग्वालियर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी की 21 जुलाई को मेला मैदान पर होने वाली विशाल आमसभा में आमजन को पहुंचने के लिए आज ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कई मौहल्लों में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में घर-घर जाकर पीले चावल देकर निमंत्रित किया। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने सघन जनसंपर्क के दौरान आमजनों से आग्रह किया कि गरीबों की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस पार्टी की विशाल आमसभा में शामिल होकर कांग्रेस का हाथ मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सर्वहारा वर्ग की भलाई के लिए कांग्रेस ने हमेशा काम किया है। कांग्रेस की ऐतहासिक आमसभा को सफल बनाने के लिए आप सब का सहयोग जरूरी है। पीले चावल बांटने वालों में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, एम.आई.सी सदस्य अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे, पार्षद सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, प्रमोद जैन, विजय बहादुर त्यागी, महेन्द्र शुक्ला, भूपेन्द्र तोमर, गोविन्द थौराठ, अनिल शर्मा 'बिट्टू', मयंक झा, राजेन्द्र राठी, श?याम सुन्दर निम, सोहेल खान, गिर्राज चंदौरिया आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री सिलावट ने पत्रकार राठौर का बेहतर से बेहतर इलाज कराने के दिए निर्देश



**ग्वालियर।** जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने फोन से चर्चा कर पत्रकार अतुल राठौर के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह और जेएएच के अधीक्षक आरकेएस धाकड़ से भी फोन से चर्चा की और कहा कि पत्रकार राठौर का बेहतर से बेहतर इलाज कराया जाए। ज्ञात हो इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार अतुल राठौर शनिवार रविवार की दरमियानी रात हजीरा क्षेत्र में प्रताप नगर के समीप निर्माणाधीन सड़क पर लगे बेरीकेट से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रात में उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिये जेएएच के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। रविवार को कलेक्टर सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदेल, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह एवं मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. अक्षय निगम के साथ ट्राम सेंटर पहुँचकर अतुल राठौर के इलाज की जानकारी ली। चिकित्सकों की सलाह पर पत्रकार राठौर को अब जेएएच के न्यूरोलॉजी वार्ड में भर्ती कराया गया है। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन ने पत्रकार राठौर के परिजनों को आश्वस्त किया गया कि न्यूरोलॉजी में बेहतर से बेहतर इलाज किया जा रहा है। वरिष्ठ चिकित्सक उनके इलाज पर स्वयं नजर रख रहे हैं।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478